● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 326, पृष्ठ : 08, सीधी, मंगलवार , 14 जनवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



फर्जी आधा कार्ड बनाने में शामिल है आप विधायक: स्मृति 5

अभिषेक शर्मा के साथ बदतमीजी 6

## महाकुंभ में डेढ़ करोड़ लोगों ने किया महास्नान

### पहले दिन अनुमान से भी अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** आस्था के महापर्व महाकुंभ की शुरुआत आज से प्रयागराज में हो गई है. आज पौष पूर्णिमा का अमृत स्नान है. सुबह से ही श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती नदी के संगम में डुबकी लगा रहे हैं. अनुमान था कि आज करीब 1 करोड़ श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे लेकिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने ट्वीट में जानकारी दी कि आज डेढ़ करोड़ लोगों ने त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।



सीएम योगी ने अपने ट्वीट में लिखा, मानवता के मंगलपर्व महाकुंभ 2025 में पौष पूर्णिमा के शुभ अवसर पर संगम स्नान का सौभाग्य प्राप्त करने वाले सभी संतगणों, कल्पवासियों, श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन. प्रथम स्नान पर्व पर आज 1.50 करोड़ सनातन आस्थावानों ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया।

उन्होंने लिखा, प्रथम स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, प्रयागराज प्रशासन, यूपी पुलिस, नगर निगम प्रयागराज, स्वच्छाग्रहियों, गंगा सेवा दूतों, कुंभ सहायकों, धार्मिक-सामाजिक संगठनों, विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों तथा मीडिया जगत के बंधुओं सहित महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद। उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, मकर संक्रांति का स्नान आज के स्नान से भी बड़ा होगा. डेढ़ साल से राज्य सरकार मेला प्रशासन के साथ मिलकर इसकी तैयारी कर रही थी. प्रयागराज शहर में और 4,000 हेक्टेयर में फैले मेला क्षेत्र में करीब 7 हजार करोड़ रुपए के कार्य किए गए हैं. महाकुंभ के लिए सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं और मुझे उम्मीद है कि आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को इस महाकुंभ का बहुत अच्छा अनुभव होगा। वहीं, अधिकारियों ने जानकारी दी है कि पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा से एक दिन पहले रविवार को संगम पर करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई. बड़ी संख्या में साधु संतों के साथ ही पुरुषों, महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने संगम में डुबकी लगाई. इससे पहले शनिवार को भी 33 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया था। मान्यता है कि कुंभ के मेले में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है. समुद्र के मंथन से निकले अमृत को पाने के लिए देवताओं और राक्षसों में 12 वर्षों तक युद्ध चला. इस युद्ध के दौरान कलश में से जिन स्थानों पर अमृत की बूंदें गिरीं वहां पर कुंभ मेला आयोजित किया जाता है. 12 वर्षों तक युद्ध चलने के कारण ही कुंभ हर 12 वर्ष में एक बार आता है. महाकुंभ के स्नान को शाही स्नान के नाम से जाना जाता है।

## कश्मीर और भी सुंदर और समृद्ध हो: पीएम

### पीएम ने किया सोनमर्ग क्षेत्र में स्थित जेड मोड़ टनल का उद्घाटन

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग क्षेत्र में स्थित जेड मोड़ टनल का उद्घाटन किया। उन्होंने टनल के निर्माण में योगदान देने वाले श्रमिकों की सराहना कर उनके समर्पण को सलाम किया। कहा कि यह टनल उन श्रमिकों के संकल्प की वजह से संभव हो पाई, जिन्होंने कठिन से कठिन परिस्थितियों में काम किया और कभी अपनी जान की परवाह नहीं की। प्रधानमंत्री मोदी ने टनल के निर्माण में जान गंवाने वाले श्रमिक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दुखद घटना के बावजूद कोई श्रमिक घर वापस नहीं गया। उनका समर्पण, देश और राज्य के प्रति प्यार हमें प्रेरणा देता है।



प्रधानमंत्री ने कश्मीर को देश का मुकुट और भारत का ताज बताते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि कश्मीर और भी सुंदर और समृद्ध हो। यहां के लोग अपने सपनों को हकीकत में बदलने के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने सोनमर्ग की प्राकृतिक सुंदरता का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की सफेद चादर से ढकी पहाड़ियां दिल को प्रसन्न कर देती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने इस टनल को केवल जम्मू-कश्मीर के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना बताया। उन्होंने कहा कि इस टनल के खुलने से अब जम्मू-कश्मीर में यात्रा और व्यापार को नई गति मिलेगी, जिससे क्षेत्र में विकास के नए रास्ते खुलेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने पुराने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि उनका इस क्षेत्र से गहरा नाता रहा है। कहा कि जब वह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम करते थे, तब इस क्षेत्र में बार-बार आने का मौका मिला था। यहां के लोग बर्फबारी और ठंडी हवा के बावजूद हमेशा गर्मजोशी से स्वागत करते थे।

प्रधानमंत्री ने महाकुंभ, लोहड़ी, मकर संक्रांति, और पोंगल जैसे त्योहारों का जिक्र किया और देशभर में उत्सव का माहौल बताया। उन्होंने कहा कि आज प्रयागराज में महाकुंभ का आरंभ हो रहा है, जहां लाखों लोग पवित्र स्नान के लिए उमड़ रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू में हाल ही में हुए रेल डिवीजन के शिलान्यास का भी जिक्र किया और इसे जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात बताया। उन्होंने बताया कि सोनमर्ग टनल से क्षेत्र में टूरिज्म को नया पंख मिलेगा, और आने वाले समय में कई रोड और रेल कनेक्टिविटी परियोजनाएं जम्मू-कश्मीर में पूरी होने वाली हैं। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की पुरानी मांगों को पूरा करने में सरकार के प्रयासों को सराहा।

## अगले दो-तीन दिनों में सभी जिलाध्यक्ष के नाम होंगे सामने

### वीडी शर्मा बोले- शराबबंदी का विचार सराहनीय

**भोपाल।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संगठन पर्व और प्रदेश के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन पर्व को पूरे उत्साह और उमंग के साथ ऐतिहासिक बनाया। पार्टी की संवाद और समन्वय पद्धति के तहत यह प्रक्रिया पूरी हो रही है।

जिलाध्यक्षों की घोषणा जल्द

शर्मा ने कहा कि दो जिलाध्यक्षों के नाम पहले ही घोषित हो चुके हैं और आज कुछ अन्य जिलों में भी घोषणा की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अगले दो-तीन दिनों में सभी जिलों के जिलाध्यक्षों के नाम घोषित कर दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा धार्मिक नगरों में शराबबंदी पर दिए गए बयान का स्वागत करते हुए शर्मा ने इसे एक सराहनीय कदम बताया। शर्मा ने कांग्रेस और उसके नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की है और हिंदुत्व का विरोध किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे की तस्वीरें गांधी जी और बाबा साहब आंबेडकर से ऊपर लगाकर उनका अपमान किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा गांधी जी और बाबा साहब के विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। संगठन पर्व को लेकर शर्मा ने कहा कि यह पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है और इसे कार्यकर्ताओं ने पूरे समर्पण और जोश के साथ मनाया।



## दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन ग्लेशियर पर पहुंचा 5जी नेटवक

**नई दिल्ली।** रिलायंस जियो ने दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र में अपनी 5जी सेवा शुरु कर दी है। भारतीय सेना की 'फायर एंड फ्यूरी कोर ने एक्स पर यह जानकारी दी। सेना के मुताबिक, जियो टेलीकॉम और भारतीय सेना ने साथ मिलकर सियाचिन ग्लेशियर पर पहला 5जी मोबाइल टॉवर सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। इसे सियाचिन की एक अग्रिम चौकी पर लगाया गया है। 15 जनवरी को सेना दिवस से ठीक पहले सियाचिन ग्लेशियर पर 4जी व 5जी सेवा शुरु कर जियो ने अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है।

## भारत की बांग्लादेश पर जवाबी कार्यवाही

### विदेश मंत्रालय ने राजदूत को किया तलब

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में तल्खी बढ़ती जा रही है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को बांग्लादेश के राजदूत को तलब किया है। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है, जब एक दिन पहले ही ढाका ने भारतीय राजनयिक को तलब किया था।

इससे पहले बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को सीमा तनाव को लेकर भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया था। दरअसल, बांग्लादेश ने आरोप लगाया था कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए बांग्लादेश से लगी सीमा पर पांच स्थानों पर बाड़ लगाने की कोशिश कर रहा है। इसके कुछ ही घंटों के बाद ही भारतीय उच्चायुक्त को तलब किया गया था।

इसके बाद प्रणय वर्मा दोपहर लगभग तीन बजे विदेश मंत्रालय पहुंचे। विदेश सचिव जशीम उद्दीन के साथ उनकी बैठक लगभग 45 मिनट तक चली। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए प्रणय वर्मा ने कहा था कि ढाका और नई दिल्ली के बीच सीमा पर सुरक्षा के लिए बाड़ लगाने के संबंध में सहमति है। प्रणय वर्मा ने कहा, हमारे दो सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ और बीजीबी (सीमा सुरक्षा बल और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश) इस संबंध में संपर्क में हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इस सहमति को लागू किया जाएगा और सीमा पर अपराधों से निपटने के लिए सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाया जाएगा। इससे पहले दिन में गृह मामलों के सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) जहांगीर आलम चौधरी ने कहा था कि भारत ने बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश और स्थानीय लोगों के कड़े विरोध के कारण सीमा पर कांटेदार तार की बाड़ लगाने का काम रोक दिया है। चौधरी ने कहा था कि पिछली सरकार के कार्यकाल के दौरान हस्ताक्षरित कुछ समझौतों के कारण बांग्लादेश-भारत सीमा पर कई मुद्दे पैदा हो गए हैं।

## तिरुपति मंदिर में फिर हादसा, प्रसाद वितरण केंद्र में आग लगने से मची भगदड़

**तिरुमाला।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर में एक बार फिर से बड़ा हादसा हो गया है। जानकारी के मुताबिक, भक्तों को लड्डू प्रसाद वितरित करने वाले क्षेत्र में आग लगने की घटना हुई, जिससे मौके पर मौजूद भीड़ में अफरा-तफरी मच गई। मामले की जानकारी देते हुए तिरुपति देवस्थानम बोर्ड के जेईओ वेंकैया चौधरी ने बताया कि, आग काउंटर नंबर 47 पर कंप्यूटर से जुड़े यूपीएस सिस्टम में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। वहीं आग लगने की सूचना पर अग्निशमन कर्मचारी तुरंत मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं।

## उमर अब्दुल्ला ने की पीएम मोदी की तारीफ

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोनमार्ग जेड- मोड़ टनल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की और उनका धन्यवाद किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जम्मू कश्मीर में हो रहे विकास कार्यों को सराहा और राज्य में किए गए चुनावों का जिक्र किया।

सीएम उमर अब्दुल्ला ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने श्रीनगर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर अपना कार्यक्रम किया था, तो उन्होंने जम्मू कश्मीर के लोगों से तीन बड़ी बातें साझा की थीं। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने उस दिन अपनी तकरीर में दिल की दूरी और दिल्ली से दूरी मिटाने की बात कही थी, और यह वाकई में सही साबित हुआ है। सिर्फ 15 दिन के अंदर ही यह दूसरा कार्यक्रम हो रहा है, इससे पहले जम्मू को रेल डिवीजन से नवाजा और आज श्रीनगर में प्रधानमंत्री ने टनल का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी के प्रोजेक्ट्स से न सिर्फ दिल की दूरी, बल्कि दिल्ली से दूरी भी कम हो रही है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर के लोगों से यह वादा किया था कि राज्य में चुनाव होंगे और लोगों को अपनी सरकार चुनने का अधिकार मिलेगा, और उन्होंने यह वादा चार महीने के अंदर पूरा किया।

## पूर्वी लद्दाख में एलएसी की स्थिति संवेदनशील है, लेकिन स्थिर है: सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने सोमवार को एलएसी और एलओसी से लेकर मणिपुर के हालात के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्वी लद्दाख में एलएसी की स्थिति संवेदनशील है, लेकिन स्थिर है। पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। वहीं पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम जारी है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में सेना प्रमुख ने कहा कि हम सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और क्षमता विकास को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।



सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि एलएसी पर स्थिति संवेदनशील लेकिन स्थिर है। अक्तूबर में पूर्वी लद्दाख के देपसांग और डेमचोक में स्थिति सुलझ गई। इन पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त शुरू हो गई है। मैंने सभी सह-कमांडरों को जमीनी स्तर पर संवेदनशील मुद्दों को संभालने के लिए कहा है। ताकि इन्हें सैन्य स्तर पर ही हल किया जा सके। एलएसी पर हमारी तैनाती संतुलित और मजबूत है। हम किसी भी स्थिति से निपटने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। उत्तरी सीमाओं के लिए फोकस क्षमता विकास कार्यक्रम ने युद्ध लड़ने की प्रणाली में तकनीक को सक्षम किया।

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा (एलओसी) को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले साल मारे गए 60 फीसदी आतंकी पाकिस्तानी मूल के थे। आज घाटी और जम्मू क्षेत्र में जो भी आतंकी बचे हैं, हमें लगता है कि लगभग 80 फीसदी या उससे अधिक पाकिस्तानी मूल के हैं। जम्मू-कश्मीर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। नियंत्रण रेखा पर डीजीएमओ के बीच सहमति के बाद फरवरी 2021 से प्रभावी संघर्ष विराम जारी है। हालांकि आतंकी ढांचा बरकरार है। आईबी सेक्टर से घुसपैठ की कोशिशें जारी हैं। हाल ही में उत्तरी कश्मीर और डोडा-किश्तवाड़ बेल्ट में आतंकी गतिविधियों में इजाफा हुआ है।

## भाजपा के सत्ता में आते ही ओडिशा ने अपनाया आयुष्मान

**नई दिल्ली।** देश में आयुष्मान भारत योजना के लागू होने के करीब छह साल बाद तक ओडिशा, दिल्ली और पश्चिम बंगाल में इसे लेकर विरोध रहा, लेकिन ओडिशा में भाजपा की सरकार आते ही राज्य ने इसे हरी झंडी दे दी है। सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में केंद्र और ओडिशा सरकार के बीच प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (आयुष्मान भारत) को लेकर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर होंगे। केंद्र सरकार की ओर से राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) इस योजना के लिए राज्य सरकार के साथ एमओयू साइन करेगा। दरअसल, फरवरी 2018 में केंद्र सरकार ने आम बजट में देश के 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को पांच लाख रुपये तक का सालाना स्वास्थ्य बीमा देने की घोषणा की, जिसके बाद सितंबर 2018 में आयुष्मान भारत योजना को लॉन्च किया गया। कुछ ही महीनों में इसको 33 राज्यों तक पहुंचने में केंद्र कामयाब रहा, लेकिन इसे पूरी तरह से राष्ट्रीय पहचान दिलाने में सफल नहीं हो पाया, क्योंकि दिल्ली, पश्चिम बंगाल और ओडिशा ने इसे ठुकरा दिया।

## लंबित है नवी मुंबई एयरपोर्ट के नाम बदलने का प्रस्ताव: आदित्य

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने सोमवार को केंद्र सरकार की कार्यप्रणाली पर अपनी निराशा व्यक्त की कि नवी मुंबई हवाई अड्डे का नाम दिवंगत नेता डीबी पाटिल के नाम पर रखने की मंजूरी नहीं दी गई, यह प्रस्ताव जून 2022 में भेजा गया था। नवी मुंबई हवाई अड्डे पर काम फरवरी 2018 में शुरू हुआ था, और 2022 में महा विकास अघाड़ी सरकार ने इसका नाम लोकनेता स्वर्गीय डीबी पाटिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखने का फैसला किया था। सोशल मीडिया एक्स पर आदित्य ठाकरे ने कहा, आज लोकनेता डीबी पाटिल की जयंती है। जून 2022 में, एमवीए सरकार के मंत्रिमंडल ने नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम श्री डीबी पाटिल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखने का फैसला किया और केंद्र सरकार को सिफारिश भेजी।

## इंडिया पर दिए बयान को लेकर बुरे फंसे संजय राउत

### सहयोगी पार्टियों ने घेरा, भाजपा ने भी ली चुटकी




**मुंबई।** महाराष्ट्र में हाल ही में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के बयान के बाद सियासी हलचल तेज हो गई। दरअसल, उन्होंने कहा था कि इंडी गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। लोकसभा चुनाव के बाद एक बैठक नहीं हुई। अपने इस बयान के बाद वे बुरे फंस गए। उनकी सहयोगी पार्टियों के नेता उन्हें घेरने लगे। इस बीच उनके इस बयान को लेकर भाजपा ने प्रतिक्रिया दी। महाराष्ट्र में भाजपा नेता ने बताया कि विपक्षी गटबंधन इंडिया विघटित हो रहा है. क्योंकि उनके पास देश के विकास के लिए कोई विचारधारा और नीति नहीं है।

महाराष्ट्र के मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने नागपुर में पत्रकारों से बात की। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन इंडिया टूट रहा है और महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) कांग्रेस के खिलाफ है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के पास देश के विकास के लिए कोई विचारधारा और नीति नहीं है। गठबंधन के सभी नेता छिटक गए हैं। महाराष्ट्र में आप देख सकते हैं कि शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और शरद पवार कांग्रेस के खिलाफ हैं, क्योंकि उनके पास कोई विचारधारा नहीं है।

## क्षिप्रा नदी होगी निर्मल और सदानीरा : डॉ. यादव

### श्रद्धालुओं का सिंहस्थ-2028 में स्नान, क्षिप्रा नदी के जल से ही करवाने का संकल्प होगा पूरा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संकल्प लिया था कि श्रद्धालुओं को आगामी सिंहस्थ-2028 में क्षिप्रा नदी के निर्मल जल में ही स्नान कराया जाए। इसी संकल्प की पूर्ति के लिए उज्जैन में सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी, कान्ह क्लोज डक्ट एवं हरियाखेड़ी परियोजनाएं प्रारंभ की गई हैं, जिनसे न केवल क्षिप्रा नदी में पूरे वर्ष निर्मल जल रहेगा अपितु उज्जैन नगर को पेयजल के लिये भी शुद्ध जल उपलब्ध हो सकेगा। क्षिप्रा नदी में जल की कमी के चलते पूर्व के सिंहस्थ आयोजनों में स्नान के लिए गंभीर और नर्मदा नदी का जल प्रवाहित किया गया था। परियोजनाओं से मोक्षदायिनी क्षिप्रा नदी सदानीरा होगी और सिंहस्थ-2028 में आने वाले श्रद्धालु क्षिप्रा नदी के निर्मल जल में ही स्नान करेंगे।

सेवरखेड़ी-सिलारखेड़ी

परियोजना का मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु में क्षिप्रा नदी के जल को सिलारखेड़ी जलाशय में एकत्र कर पुनः आवश्यकता अनुसार क्षिप्रा नदी में प्रवाहित कर निरन्तर प्रवहमान बनाना है। इस परियोजना में ग्राम सेवरखेड़ी में 1.45 मिलियन घन मीटर क्षमता का बैराज निर्माण कर, यहां से 3 मीटर व्यास के 6.50 कि.मी. पाईप लाईन द्वारा क्षिप्रा नदी का जल सिलारखेड़ी जलाशय में संचित किया जावेगा। इसके लिये सिलारखेड़ी जलाशय की क्षमता 51 मिलियन घन मीटर तक बढ़ाई जायेगी। सिलारखेड़ी जलाशय में संचित जल 1.80 मी. व्यास की 7.00 कि.मी. लम्बी पाईप लाईन द्वारा पुनः क्षिप्रा नदी में ग्राम कुंवारिया के समीप आवश्यकता अनुसार छोड़ा जायेगा। परियोजना की प्रशासकीय स्वीकृति 614.53 करोड़ रूपये और तकनीकी स्वीकृति 569.43 करोड़ रूपये जल संसाधन विभाग से प्राप्त है। परियोजना में निर्माण कार्य की समय-सीमा अनुबंध दिनांक से 30 माह रखी गई हैं, जिसमें 5 वर्षों का संचालन और रख-रखाव का प्रावधान किया गया है। परियोजना पूर्ण हो जाने से क्षिप्रा नदी को स्वच्छ एवं निरन्तर प्रवहमान किया जा सकेगा एवं उज्जैन शहर की आगामी पेयजल की मांग की पूर्ति भी की जा सकेगी। कान्ह नदी के जल के व्यपवर्तन के लिये 30.15 किमी लंबाई (18.15 किमी कट एंड कवर भाग एवं 12 किमी टनल भाग) की कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना निर्माणाधीन है। इसके कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य, टनल भाग में चार शाफ्ट के माध्यम से वर्टिकल एवं हॉरिजॉन्टल खुदाई का कार्य और कास्टिंग यार्ड में प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य प्रगतिरत है। परियोजना के शुरुआती 6.90 कि.मी. कट एंड कवर भाग में खुदाई एवं पीसीसी कार्य प्रगतिरत है। परियोजना अंतर्गत उपयोग में लाए जाने वाले प्री-कास्ट सेगमेंट की कास्टिंग का कार्य ग्राम गंगेडी में स्थित कास्टिंग यार्ड में जारी है। प्री-कास्ट सेगमेंट्स को कास्टिंग यार्ड से परियोजना के एलाइनमेंट तक पहुंचाने एवं पीसीसी बेड पर रखने और आपस में जोड़ने का कार्य जल्द ही प्रारंभ होगा।



# कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित, सीएम हेल्पलाइन निराकरण में प्रदेश भर में सिंगरौली टॉप 5 पर

**सिंगरौली।** आज सोमवार को जिला अधिकारियों व राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदारों को समय सीमा बैठक में कलेक्टर सिंगरौली ने प्रशस्ति पत्र देकर कर उत्साहवर्धन किया गया। जिले में नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाईन का संचालन प्रदेश स्तर से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिला लगातार पांचवीं बार बना हुआ है।

कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक के दौरान जिला अधिकारियों व राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदारों को सम्मानित किया और उन्हें बधाई दी। इस मौके पर कलेक्टर ने कहा कि इस तरह से काम करते रहें ताकि हम सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से आम जनमानस की मदद कर पाएं।



मुख्यमंत्री सीएम हेल्पलाईन माह दिसम्बर में जारी प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों व राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदारों को समय सीमा बैठक में सम्मानित किया गया।कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरना शासन की सर्वोच्य प्राथमिकता है। जिला स्तर पर कलेक्टर सिंगरौली द्वारा शासन की अपेक्षानुसार विगत छः माहों से सीएम हेल्पलाईन के रैंकिंग एवं निराकरण के स्तर में सतत सुधार किये जाने हेतु नियमित समीक्षा बैठक कर कार्यवाही की जा रही है। जिसके फलस्वरूप सिंगरौली जिला विगत 6 माहों से प्रदेश स्तर से जारी रैंकिंग में टाप 5 में अपना स्थान बना रहा है। इस प्रकार जिले के कई विभाग प्रदेश स्तर पर टॉप 5 में अपने स्थान सुनिश्चित कर रहे हैं। कलेक्टर सिंगरौली द्वारा कलेक्टर सभागार में जिले नगर निगम, राजस्व, कृषि, उर्जा, वन, सहकारिता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जिनके द्वारा प्रदेश स्तर पर टॉप 5 में स्थान प्राप्त करने वाले अधिकारी पी.के सेन गुप्ता अपर कलेक्टर, डी. के. शर्मा आयुक्त नगर निगम, विक्रम सिंह जिला परिवहन अधिकारी, आर पी मिश्रा अधीक्षण यंत्री उर्जा विभाग आशीष पाण्डेय उपसंचालक कृषि विभाग, अनुराग मोदी उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग, पी के मिश्रा सहकारिता सहित राजस्व विभाग के रमेश कोल तहसीलदार नगर, प्रीति सिकरवार तहसीलदार सिंगरौली, नागेश्वर पनिका तहसीलदार बरगवां, चन्द्रशेखर मिश्रा तहसीलदार सरई, ऋषि नारायण सिंह तहसीलदार चितरंगी सहित अन्य नायब तहसीलदारों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया एवं अपेक्षा की गई कि उक्त प्रदर्शन आगामी माहों में भी सतत रूप से जारी रहे।

## नगर निगम महिला क्लब की सदस्यों ने धूम धाम से मनाया मकर संक्रांति का पर्व

**सिंगरौली।** मकर संक्रांति का पर्व भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है इस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करते है। इसे उत्तरायण के आरंभ के रूप में मनाया जाता है।इस दिन दान और पुण्य का विशेष महत्व है। त्योहर की पहचान तिल और गुड़ के व्यंजन इस त्योहार की पहचान हैं।नगर निगम परिवार की महिला क्लब की सदस्यों ने धूम धाम से मकर संक्रांति पर्व मनाया। क्लब की सदस्यों ने त्योहार का आयोजन कर एक दूसरे को गुड़ तिल खिलाकर केक काटकर त्योहर को मनाया एवं ट्राम सेंटर में पहुचकर चिकित्सालय में भर्ती मरीजो को गर्म कपड़े फल का वितरण किये। क्लब की सदस्यों ने मरीजो से उनका हाल चाल जाना एवं उनके जल्द स्वास्थ्य होने की कमाना की। इस दौरान क्लब की सदस्य मीना बैस, सुधा उपाध्याय, मीनाक्षी तिवारी, रेनू सिंह, जागृती सिंह, आमला सिंह, साक्षी द्विवेदी, अंजू गोस्वामी, ईला शाहू सुमन पाण्डेय सहित महिला क्लब की सदस्य उपस्थित रही।

# कल बैढ़न आ जाना... मैं खुशियां भी ला सकता हूं...और प्रलय भी... नहीं एक दो दिन में आ के मिलों

### कलेक्ट्रेट कार्यालय के एक अधिकारी का व्हाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर हुआ वायरल

**सिंगरौली**

कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ एक अधिकारी अपने अधिनस्थ महिला कर्मचारी से कहा कि कल बैढ़न आ जाना नहीं तो मैं खुशियां भी ला सकता हूं और प्रलय भी, नहीं एक-दो दिन में आकर मिलो। अधिकारी का व्हाट्सएप चैट भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस अधिकारी पर आशिक मिजाजी के साथ भ्रष्टाचार के भी आरोप लगे हैं लेकिन अभी तक जिम्मेदारों ने इसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है।

मिली जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट कार्यालय में पदस्थ अधिकारी का एक व्हाट्सएप चैट का हिस्सा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें वह व्हाट्सएप के जरिए अपने सब अर्डिनेट कर्मचारियों को धमकी भरा मैसेज किया है। अधिकारी ने महिला कर्मचारी को मैसेज किया कि कल बैढ़न आकर मिलों, नहीं में खुशियां भी ला सकता हूं और प्रलय भी, नहीं तो कल बैढ़न



मिलने आ जाओ। जवाब में महिला ने अपनी तबीयत खराब होने की बात कहते हुए कहती है कि आऊंगी तो मिलूगी जरूर। अधिकारी की इस रवैया से जिले में काम कर रही महिला विभाग की कर्मचारी भले ही अपने इज्जत और मान मर्यादा प्रतिष्ठा बचाने के लिए सामने नहीं आ रही लेकिन दबी जुबान में अधिकारी के आशिक मिजाजी रवैया से परेशान है। वहीं अधिकारी सब अर्डिनेट महिला कर्मचारी का अब व्हाट्सएप चैटिंग का एक हिस्सा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

#### अधिकारी की ईओडब्ल्यू में हुई शिकायत

बताया जा रहा है कि यह व्हाट्सएप चैट कुछ दिनों पुराना है लेकिन अधिकारी के इस हिमाकत से महिला कर्मचारी परेशान है। हालांकि अधिकारी की आशिक मिजाजी और भ्रष्टाचार की शिकायत ईओडब्ल्यू से भी की गई है लेकिन अभी तक इसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होने से इसका मनोबल दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और यह अपने सब अर्डिनेट महिला कर्मचारियों से लगातार छेड़छाड़ करता है। इस अधिकारी के चलते विभागीय कर्मचारियों की मुश्किलें बढ़ने लगी है।

# निवास में नाबालिक के साथ दुष्कर्म, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** नए साल में जहां पूरा देश जश्न में डूबा हुआ था तो वहीं दूसरी तरफ निवास चौकी क्षेत्र में एक नाबालिक लड़की के साथ गांव के ही लड़के ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

मिली जानकारी के अनुसार एक नाबालिक लड़की से गांव के ही एक युवक ने जबरन दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जहां पीड़ित परिजनों ने निवास चौकी में अपनी शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद चौकी प्रभारी ने घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री को दीं। एसपी के निर्देश पर थाना



प्रभारी शेषमणि पटेल एवं चौकी प्रभारी उपनिरी श्रीमती प्रियंका सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने नाबालिक बालिका के साथ अनैतिक कार्य करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी मे बताया गया कि बीते 4 जनवरी को पीडिता अपनी मां एवं पिता के साथ चौकी निवास उपस्थित आकर आरोपी पंकज बंसल पिता शिवनाथ बंसल उम्र 19 वर्ष निवासी कछरा चौकी निवास थाना सरई के खिलाफ बीते 1 जनवरी को अनैतिक कार्य करने के सबंधं में शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर अपराध पंजीबद्ध कर जाकर विवेचना में लिया गया था। आरोपी घटना दिनांक से फरार हो गया था। जिसे 10 जनवरी को चौकी निवास पुलिस टीम द्वारा काफी मशक्कत करने के बाद गिरफ्तार किया जाकर न्यायालाय देवसर पेश किया गया जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे जिला जेल बैढन भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी सरई चौकी प्रभारी निवास उप. निरी प्रियंका सिंह सिह, सउनि त्रिवेणी पाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, आर. प्रभात कुमार दुबे, विडू सिह, अमित कुमार,सतेन्द्र पाण्डेय चौकी निवास की सराहनीय भूमिका रही।

# अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से सुलियरी खदान में फायर फाइटर बनीं दो लड़कियां

### अब महिलाएं आग लगने की घटना में पुरुषों के कंधे से कंधे मिलाते हुए नजर आएंगी

**सिंगरौली।** जब महिलाएं किसी क्षेत्र में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करती हैं, तो यह समाज के हर हिस्से में सकारात्मक परिवर्तन लाता है। इस बात का जीवंत उदाहरण पेश करते हुए, अदाणी फाउंडेशन ने ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों को फायर फाइटिंग प्रशिक्षण देने के लिए एक अनोखी पहल की। इस पहल के तहत अदाणी फाउंडेशन ने परियोजना प्रभावित क्षेत्र- झलरी गांव की दो प्रतिभाशाली बालिकाओं- रेशमा सोनी और रवीता शाह को चयनित किया और उनके माता-पिता से अनुमति प्राप्त करने के बाद, उन्हें नागपुर स्थित भारतीय अग्निशमन संस्थान में छह महीने का फायर फाइटिंग प्रशिक्षण दिलवाई। नियुक्ति



से सम्बन्धित प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उन्हें सुलियरी खदान के फायर ब्रिगेड में शामिल कर लिया गया है इसके पीछे अदाणी फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण बालिकाओं को अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में दक्ष बनाने के साथ उन्हें आत्मनिर्भरत बनने का अवसर भी प्रदान करना है। 6 महीने के इस फायर फाइटिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम को रेशमा और रवीता ने कड़ी मेहनत और लगन के बदौलत पूरा कर लिया। लेकिन, इस प्रशिक्षण ने उन्हें न सिर्फ शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त किया, बल्कि उन्हें संकट के समय अपनी काबिलियत दिखाने के लिए तैयार भी किया। दीवाली की छुट्टियों के दौरान जब रेशमा और रवीता अपने घर लौटीं तो उन्हें अदाणी के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करने का मौका मिला। इस दौरान, दोनों ने अपने प्रशिक्षण के अनुभव और प्रगति को साझा किया। फायर फाइटिंग प्रशिक्षण के बाद, रेशमा और रवीता ने अपनी नियुक्ति के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज़ और आवेदन पत्र प्रस्तुत किए। सभी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद उन्हें सुलियरी खदान के फायर ब्रिगेड में शामिल कर लिया गया है।नागपुर से फायर फाइटर की सफल प्रशिक्षण लेने के उपरांत घर लौटी रेशमा और रवीता ने समाज के समक्ष एक मिशाल पेश की हैं। शनिवार को अदाणी फाउंडेशन द्वारा उनके सम्मान में आयोजित विशेष समारोह में स्थानीय विधायक डॉ राजेन्द्र मेश्राम, जनपद सदस्य अमिता पनिका, बजौड़ी की सरपंच दुलमंती सिंह, भलैया टोला के सरपंच गोविन्द वैश्य, जमगड़ी के सरपंच कृष्णदेव वैश्य, बजौड़ी के पूर्व सरपंच भगवान सिंह एवं काफी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को सफल बनाया। अदाणी ग्रुप के तरफ से चीफ ऑफ क्लस्टर बच्चा प्रसाद, क्लस्टर एचआर हेड विकास सिंह, रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल गुनमीत सिंह एवं सीएसआर टीम की मौजूदगी रही। इस मौके पर मौजूद स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने रेशमा और रवीता की के साथ अदाणी फाउंडेशन द्वारा समाज में दी जा रही योगदान की सराहना की।

# मकर संक्रांति पर्व आज, पर्व को लेकर बाजारो में उमड़ी भीड़, जगह-जगह लगेंगे मेले

**सिंगरौली।** मकर संक्रान्ति पर्व को लेकर बाजारों में काफी भीड़ देखने को मिल रहा है। पर्व को लेकर लोग बाजारों में पहुंच लाई,चिवरा,गुड़ सहित तिल खरीदते नजर आए। वहीं मकर संक्रान्ति पर्व को लेकर जिले भर में जगह-जगह मेले का आयोजन किया जा रहा है। जहां मेलों में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पर अपने-अपने थाना क्षेत्रों के पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

बताते चले कि सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश करने के अवसर पर मनाया जाने वाला मकर संक्रांति का त्यौहार जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान जिले के कई चिन्हित



एवं नामजद स्थानों पर मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें क्षेत्रीय जनों की भारी भीड़ पहुंचने की आश है। उल्लेखनीय हो कि मकर संक्रांति के दृष्टिगत जिले के लोगों में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश करने के इस दिवस पर सभी जन पवित्र नदियों में स्नान ध्यान कर अपने आपको पवित्रता की श्रेणी में रखने का प्रयास करतें है। इस त्यौहार का सभी खास और आम वर्ग में अपना एक अलग महत्व है। मकर संक्रांति के अवसर पर जगह-जगह मेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित होकर इसका लाभ उठायेंगे।मकर संक्रांति के अवसर पर जिले के कचनी, माड़ा, पचौर, सहुआर, चितरंगीबर्दी,सुरसराई घाट झारा,देउदह सहित कई जगहों पर विशाल मेले लगेगें। यहां लगने वाले मेलों में भारी जन समुदाय एकत्रित होता है। लोगों की अलग-अलग जगहों के बारे में अलग-अलग मान्यताएं हैं, लेकिन जिले में सबसे ज्यादा प्रचलित वर्दी एवं माड़ा में लगने वाले मेले हैं।

# महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन

**सिंगरौली।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित सृजन अभियान के अंतर्गत सिंगरौली में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में विभिन्न थाना-चौकी क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महिला सुरक्षा शाखा, सिंगरौली द्वारा आज दिनांक 13 जनवरी, 2025 को थाना नवानगर अंतर्गत झुग्गी बस्ती निगाही में पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा संचालित सामुदायिक पुलिसिंग योजना के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बस्ती में उपस्थित लोगों को



महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों, पॉक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा अधिनियम, साइबर फ्रॉड, गुड टच और बैड टच जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, आवश्यकता पड़ने पर महिला हेल्पलाइन नंबर 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और डायल 100 पर संपर्क करने की सलाह दी गई।कार्यक्रम में महिला सुरक्षा शाखा से उप निरीक्षक प्रीति साकेत, सहायक उप निरीक्षक अशोक सिंह तोमर, महिला प्रधान आरक्षक श्यामवती सिंह और महिला आरक्षक प्रियंका गुप्ता उपस्थित रहीं।यह कार्यक्रम महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने और महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है।

### सिंगरौली पहुंचे जबलपुर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति

# न्यायाधीश आवासीय परिसर का किया लोकार्पण, न्यायालय परिसर का किया निरीक्षण

**सिंगरौली।** जबलपुर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विनय जैन दो दिवसीय दौरे पर सिंगरौली पहुंचे है। आज उन्होंने एक तरफ जहां जिला न्यायाधीश के लिए बने सरकारी आवास और ई सिविल कोर्ट का लोकार्पण किया। वहीं दूसरी तरफ निर्माणाधीन न्यायालय परिसर का भी निरीक्षण किया।

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बृजेंद्र पांडे ने बताया कि जबलपुर उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक जैन रविवार से आज सोमवार तक सिंगरौली दौरे पर हैं। रविवार को उन्होंने देवसर न्यायालय का निरीक्षण किया था और आज सोमवार को सुबह सबसे



पहले उन्होंने रिलायंस तिराहे पर नवनिर्मित न्यायाधीश आवासीय परिसर का लोकार्पण किया है और उसके बाद कलेक्ट्रेट के सामने बैढ़न में बना रहे नए न्यायालय भवन के निर्माण का जायजा लिया। साथ ही निगाही में कोल माइंस का भी उन्होंने निरीक्षण किया है उसके बाद जिला न्यायालय परिसर में बने ई कोर्ट का उद्घाटन किया है ।पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि न्यायमूर्ति ने 6 करोड़ 90 लाख 43 हजार से बने आवासीय परिसर का लोकार्पण किया है। उसमें 13 आवासीय परिसर हैं। इसके अलावा 24 करोड रुपए की लागत से बन रही नवनिर्मित कोर्ट परिसर का जायजा लिया। इस न्यायालय परिसर में 18 कोर्ट परिसर होंगे। इसके अलावा बेसमेंट पार्किंग के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद रहेगी। न्यायमूर्ति जबलपुर के साथ भ्रमण कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश सहित पुलिस और प्रशासन विभाग के अधिकारी लगे रहें।

# बरगवां पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के साथ व्यवसाई को पकड़ा

### 7 हजार का अवैध गांजा जप्त

**सिंगरौली।** सिंगरौली पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान के तहत बरगवां पुलिस ने बीते दिन थाना क्षेत्र के ग्राम धरसडा में कार्यवाही करते हुए एक व्यक्ति के पास से अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त कर कार्यवाही की है।

जानकारी के अनुसार बरगवां पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम धरसडा का रमाकान्त बैस पिता लालजी बैस अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर बिकी करने हेतु अपने पाही वाले मकान पहाडी तरफ जा रहा है। सूचना पर वरिष्ठ



अधिकारियों के निर्देशन प्राप्त कर एक पुलिस टीम उपनिरी. इन्द्रलाल माझी के नेतृत्व मे ग्राम धरसडा रवाना में घेराबन्दी कर आरोपी रमाकान्त बैस पिता लालजी बैस उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम धरसडा को पकड़ा। उसके पास से अवैध गांजा 500 ग्राम कीमती 7000 रूपये मिला। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि लगभग 01 वर्ष से उत्तर प्रदेश से किसी अपरिचित व्यक्ति से खरीदकर लाना तथा 100-50 ग्राम निवासी बाधाडीह के भैयालाल प्रजापति को बिक्री करता था।रेड कार्यवाही के दौरान भैयालाल प्रजापति के द्वारा गांजा क्रय करना पाया गया जो मामले मे आरोपी भैयालाल प्रजापति पिता स्व. छोटेलाल प्रजापति उम्र 48 वर्ष निवासी ग्राम बाघाडीह के विरूद्ध जुर्म प्रमाणित पाया गया है। उक्त दोनो आरोपियों के विरुद्ध जुर्म प्रमाणित पाये जाने से धारा 8/20 (ख), 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त सम्पूर्ण कार्यवाही अति. पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी के.के. पाण्डेय के कुशल निर्देशन व निरीक्षक शिवपूजन मिश्रा के नेतृत्व में उप निरी. इन्द्रलाल माझी, स.उ.नि. विशेषर साकेत, प्र. आर. मनोज गौतम, विक्रम सिंह, उमेश विश्वकर्मा, आरक्षक प्रतीक कुमार, गणेश, अरविन्द यादव, प्रशान्त सिंह, अरूणेन्द्र मिश्रा द्वारा की गई।

# झोपड़ी में सोते वक्त बिहार के मजदूर की आग लगने से हुई दर्दनाक मौत

## धान उपार्जन केंद्र बमुरी में लापरवाही का शिकार हुआ श्रमिक

सीधी

जिले के धान खरीदी केंद्र बमुरी में बिहार के मजदूर की सोते वक्त झोपड़ी में अचानक आग लगने के कारण मौत हो गई। दर्दनाक मौत के बाद अब मजदूरों की सुरक्षा को लेकर खरीदी केंद्रों में सवाल उठना शुरू हो गया है। आखिर बाहर से मजदूरों को बुलाकर उन्हें समुचित व्यवस्था नहीं कराई जाती जिस वजह से ऐसा हादसा हुआ है। फिलहाल मामले में जानकारी लेने के बाद पुलिस विवेचना में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार धान खरीदी केंद्र बमुरी परिसर में तीन श्रमिक झोपड़ी बनाकर रात में रहते थे। उक्त श्रमिक धान खरीदी केंद्र में आने वाले वाहनों में लोडिंग का काम करते थे। आज रात करीब 3 बजे झोपड़ी में आग लग गई। आग लगते ही वहां मौजूद दो श्रमिक आनन-फानन में बाहर निकलकर भागे। वहीं पंचू कुमार पिता ज्ञान देव महतो उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम फुदकी चक्र, थाना गोगरी जमालपुर, जिला खगडिया़ बिहार आग की तेज लपटों की चपेट में आ गया। जब तक कुछ बाहर आए श्रमिक कर पाते उसकी गंभीर रूप से जलने से मौके पर ही मौत हो गई। हो-हल्ला मचने पर खरीदी केंद्र में मौजूद अन्य लोग भी पहुंचे। घटना की सूचना पुलिस चौकी सिहावल को दी गई। जिसके बाद चौकी प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। आज सुबह पंचनामा के पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिहावल पहुंचवाया गया।

### धान भराई का काम करता था श्रमिकः संदीप

इस मामले में धान उपार्जन केंद्र बमुरी के प्रभारी समिति प्रबंधक संदीप इक्षसह ने बताया कि मृतक बिहार निवासी श्रमिक था। खरीदी केंद्र में झोपड़ी बनाकर रहता था। उक्त श्रमिक धान भराई का कार्य करता था। दरम्यानी रात सार्ट सर्किट की वजह से झोपड़ी में आग लग गई और पंचू कुमार महतो की मौत हो गई। रात में ही घटना की जानकारी सिहावल चौकी पुलिस को दी गई। पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर कार्यवाही शुरू कर दी।

### मामले में की जा रही विवेचनाः त्रिपाठी

इस मामले को लेकर पुलिस चौकी सिहावल के प्रभारी दिव्य प्रकाश त्रिपाठी ने बताया कि सूचना मिलते ही हम लोग घटना स्थल पर पहुंच गए थे। प्रथम दृष्टया यह एक्सीडेंटल केस लग रहा है। बाडी को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजकर मामले की विवेचना की जा रही है।

### मामले को लेकर की जा रही जांचः टीआई

इस मामले को लेकर अमिलिया टीआई राजेश पाण्डेय ने बताया कि फिलहाल अभी सार्ट-सर्किट माना जा रहा है। इस मामले में जांच की जा रही है। जो दोषी होंगे उस पर कार्यवाही की जाएगी। फिलहाल श्रमिक के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों के साथ एंबूलेंश के माध्यम से बिहार शव को भेजा गया है।

### लापरवाही पर समिति प्रबंधक माने जा सकते हैं दोषी

इस मामले में देखा जाए तो समिति प्रबंधक जो खरीदी केंद्र के प्रभारी हैं उनकी लापरवाही के कारण यह हादसा होना माना जा सकता है। बिहार से अधिकतर मजदूर खरीदी केंद्रों में आते हैं लेकिन उनकी सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराना उचित नहीं समझा जाता। झोपड़ी में उन्हें रखा गया जिस वजह से यह घटना घटित हुई। समिति प्रबंधक संदीप सिंह के खिलाफ इस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की बिहार के अन्य श्रमिकों के द्वारा मांग की गई है। वहीं प्रशासन की पोल भी खुल रही है। इसके साथ ही अन्य खरीदी केंद्रों में इसी तरह बिहार सहित अन्य राज्यों से आए श्रमिकों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की कोई जिम्मेदारी खरीदी केंद्र प्रभारी द्वारा नहीं किया जा रहा है।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोहः सीईओ जिला पंचायत

## संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

**सीधी।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर श्री अंशुमन राज द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के गरिमामय आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी गंभीरता और सजगता से करें। इसके लिए राज्य शासन द्वारा विस्तृत निर्देश जारी किए गए हैं जिसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने कहा कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय में छत्रसाल स्टेडियम में किया जावेगा। साथ ही सभी जनपद मुख्यालयों पर भी गणतंत्र दिवस समारोह का गरिमामय आयोजन किया जाएगा। ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जहां सरपंच द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीयध्वज फहराया जाएगा। सीईओ जिला पंचायत ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया है कि केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर केन्द्रित झांकियों का प्रदर्शन करें। यह झांकियां कला और संस्कृति से भी प्रेरित होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने मुख्य समारोह तथा भारत पर्व में देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए निर्देशित किया है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि सभी विभाग प्रमुख आयोजन के संबंध मे दिए गए निर्देशों के अनुसार कार्यवाही कर अवगत कराना सुनिश्चित करेंगें। समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने पूर्व से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही समारोह स्थल की साफ-सफाई, मरम्मत, बेरीकेटिंग, पेयजल, लाइटिंग, साउण्ड सिस्टम आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एस. पी. मिश्रा, मझौली आर. पी. त्रिपाठी, कुसमी प्रिया पाठक सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु आनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 14 जनवरी

**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र ने जानकारी देकर बताया कि प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी परीक्षा पे चर्चा संवाद अंतर्गत विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा शिक्षकों से चर्चा करेंगें जिससे कि छात्रों को उनकी सभी लक्ष्यों को पूरा करने में सक्षम बनाया जा सके। परीक्षा पे चर्चा 2025 के निमित्त होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिये रजिस्ट्रेशन शुरू है।

परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ बातचीत करेंगे और परीक्षा के तनाव से निपटने के मंत्र देंगे। प्रधानमंत्री इस संवाद कार्यक्रम के दौरान तनाव को पीछे छोड़ने और परीक्षा के डर को दूर करने तथा परीक्षा को त्योहार की तरह मनाये जाने के टिप्स साझा करेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से चुने गये छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीपीसी किट उपहार में दी जायेगी। यह प्रतियोगिता कक्षा 6 वी से 12 वी तक के स्कूली छात्रों के लिये है। छात्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को अधिकतम 500 शब्दों में अपना प्रश्न भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रतियोगिता में 6 वी से 12वीं तक के स्कूली छात्र भाग ले सकते हैं। माईगव प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण कर प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

जिन छात्रों के पास इंटरनेट, ईमेल आईडी या मोबाइल नंबर नहीं है, वे ''शिक्षक के माध्यम से भागीदारी'' विकल्प के जरिए पीपीसी 2025 में हिस्सा ले सकते हैं। एक शिक्षक लॉगिन के जरिए एक या एक से अधिक छात्रों (एक समय में एक) की प्रविष्टियों का सही विवरण जमा करने में सक्षम होंगे। सभी माता - पिता और शिक्षक इसमें भाग ले सकते हैं। माता पिता और शिक्षक माय गाव प्लेटफॉर्म पर पंजीकरण करके प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रविष्टियों को सफलतापूर्वक सबमिट करने पर सभी माता-पिता और शिक्षकों को भागीदारी का एक डिजिटल प्रमाण पत्र प्राप्त होगा।

# मेला स्थलों पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करें : सीईओ

सीधी



समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज ने समस्त उपखण्ड अधिकारियों तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को जिले के विभिन्न स्थानों पर मेले लगाए जाएंगे तथा श्रद्धालुओं द्वारा नदी घाटों में स्नान किया जाएगा। ऐसी परिस्थितियों में समस्त नदी घाटों तथा मेला स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय अपनाना सुनिश्चित करें। सुरक्षा की दृष्टि से बैरिकेटिंग तथा गोताखोरों की व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी स्थानों में मेडिकल टीमों की ड्यूटी लगाएं।

सीईओ जिला पंचायत ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी कुछ दिनों तक जिले में बारिश की संभावना को देखते हुए उपार्जन केंद्रों में धान का व्यवस्थित भंडारण सुनिश्चित करायें। साथ ही धान परिवहन के कार्य की गति को बढ़ाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने तथा अनियमितता पाए जाने पर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरता से कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

सीईओ जिला पंचायत द्वारा सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख अपने विभाग से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करेंगे। स्वयं भी शिकायतकर्ताओं से संपर्क करेंगे तथा अधिक से अधिक शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टि के साथ निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने सीएम मोनिट में चिन्हित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए सीईओ जिला पंचायत ने शिविरों के कुशल आयोजन करने के निर्देश दिए हैं। केन्द्र एवं राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करने तथा उन्हें पात्रतानुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने शिविरों में प्राप्त समस्त आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज करने तथा निराकृत करने के निर्देश दिए हैं। सीईओ जिला पंचायत ने रेलवे के भूअर्जन संबंधित लंबित प्रकरणों को तत्परता से निराकृत करने के निर्देश दिए हैं

बैठक में उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास नीलेश शर्मा, सिहावल एसपी मिश्रा, कुसमी प्रिया पाठक, मझौली आरपी त्रिपाठी सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक पात्र व्यक्ति को मिले शासन की योजनाओं का लाभ : विधायक

## मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत नेबुहा, पिपरोहर, मवाई नौगवाधीरसिंह में शिविर आयोजित

**सीधी।** मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनपद पंचायत सीधी के ग्राम पंचायत नेबुहा एवं पिपरोहर में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक के मुख्य आतिथ्य में शिविर का आयोजन किया गया। इसके साथ ही ग्राम पंचायत मवाई एवं नौगवाधीरसिंह में शिविर आयोजित हुए।



विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों के आयोजन का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। गांव-गांव शिविर का आयोजन कर ग्रामवासियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ आपके साथ खड़ी है। आपको कोई भी समस्या हो आप शिविर में बता सकते हैं, उनका तत्परता से निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर विधायक द्वारा चिन्हित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया गया। ग्राम पंचायत पिपरोहर में 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड का वितरण हितग्राहियों को किया गया। युवा खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतु क्रिकेट किट का वितरण भी विधायक द्वारा किया गया।

शिविर में ग्राम पंचायत नेबुहा में राजस्व विभाग के 16, खाद्य विभाग से 6, कृषि 5, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग 14, पी एच ई 4, बिजली विभाग 2, मत्स्य विभाग, दूर संचार एवं सहकारिता विभाग के एक - एक कुल 51 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम पंचायत पिपरोहर में सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 8, लाडली बहना योजना 56, आवास योजना 17, बीपीएल 6, पशु पालन 6, पीएम किसान सम्मान योजना 09 कुल 104 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। कार्यक्रम में सरपंच नेबुहा श्रीमती सुशीला भुरतीया, पिपरोहर सरपंच श्रीमती अनिता साकेत, पुष्पराज सिंह, अमन पाठक, योगेन्द्र सिंह, जनपद सीईओ सीधी अशोक तिवारी, खण्ड स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, सचिव, रोजगार सहायक एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## चार नेशनल लोक अदालतों का 08 मार्च, 10 मई, 13 सितंबर और 13 दिसंबर को होगा आयोजन

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में वर्ष 2025 में आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के क्रम में पहली 08 मार्च 2025, दूसरी 10 मई 2025, तीसरी 13 सितंबर 2025 एवं चौथी 13 दिसंबर 2025 को नेशनल लोक अदालतों का आयोजन किया जायेगा।

# कैदियों का किया गया कुष्ठ परीक्षण



**सीधी।** जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नागेन्द्र बिहारी दुबे ने बताया कि सोमवार को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जेल कारागार में सजायाफ्ता 399 बंदियों का कुष्ठ परीक्षण किया गया उसमें से कोई भी कुष्ठ रोगी नहीं पाए गए। शिविर में डॉ. दुबे द्वारा कुष्ठ रोग बचाव एवं विकृति से बचने की जानकारी दी गई। शिविर में उपस्थिति सभी बंदियों को प्रशिक्षित कर जागरूक किया गया। कुष्ठ रोग के लक्षण बताए गए कि शरीर पर फीके लाल दाग जो सुन्न हो, हाथ पैर में झुनझुनी, चेहरे में तेलिया चमक, भौंहों बाल झड़ना, दाग में पसीना ना आना, नर्व मोटापन होना है। प्रारंभिक अवस्था में उपचार लेने में विकृति से बचा जा सकता है। कुष्ठ रोग उपचार के सभी स्वास्थ्य केंद्र निःशुल्क उपलब्ध है।

# सीधी में 60 स्कूलों में संचालित है वोकेशनल कोर्स

**दस हजार विद्यार्थी प्राप्त कर रहे है व्यावसायिक शिक्षा**

**व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने में रूचि ले रहे विद्यार्थी**




**सीधी।** एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्रा ने जानकारी देकर बताया कि सीधी जिले के पांचों विकास खण्ड में 60 विद्यालयों में कुल 9 ट्रेड संचालित है। कृषि में 1472, ब्यूटी एण्ड वेलनेस में 1471, इलेक्ट्रानिक एवं हार्डवेयर में 803, हेल्थ केयर में 724, आई.टी. में 4153, फिजिकल ऐजुकेशन में 160 एवं सिक्योरिटी में 102, सीविंग मशीन(अपेरल) में 905, प्लम्बिंग में 156 छात्र दर्ज है। कुल 4502 बालक एवं 5444 बालिकाएं योग 9946 विद्यार्थी व्यावसायिक शिक्षा लाभ उठा रहे हैं।

अकेले आई.टी. के क्षेत्र में 4153 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बालिकायें किसी से पीछे नहीं हैं। ब्यूटी एण्ड वेलनेश में 1471 छात्राएं स्किल सीख रही हैं। इसके अतिरिक्त हेल्थ केयर फिजिकल एजुकेशन और इलेक्ट्रानिक हार्डवेयर में व्यावसायिक शिक्षा ले रही है।

वोकेशनल वाले विद्यालयों में कुल 102 अतिथि शिक्षक आमंत्रित किये गये हैं जो सैद्धांतिक कोर्स के अतिरिक्त प्रैक्टिकल, इंडस्ट्री विजिट, गेस्ट लेक्चर, भविष्य के लिये जांबरोल इत्यादि कार्य में लगे हुये हैं। उन शिक्षकों का जिला स्तर पर उन्मुखीकरण किया गया एवं जाबरोल, प्रैक्टिकल इत्यादि कार्य हेतु जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्र के निर्देशानुसार 11 जनवरी को प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एडीपीसी श्री प्रवीण शुक्ल ने अतिथि शिक्षकों को शिक्षक दैनिन्दिनी बनाने और प्रत्येक माह की 2 तारीख तक उपस्थिति विमर्श पोर्टल में लॉक करने हेतु समझाइस दी गई।

जैसे-जैसे दुनिया बढ़ रही है ठीक वैसे ही पढ़ाई करने के तरीके भी बदल रहे हैं। पहले मां-बाप अपने बच्चों को डॉक्टर, इंजीनियर ही बनना पसंद करते थे क्योंकि केवल इसी क्षेत्र में रोजगार के अवसर हुआ करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। प्रशिक्षण और कुशलता हमारे कैरियर रूपी ट्रेन का इंजन है, जिसके बिना हमारी जिंदगी की गाड़ी चल ही नहीं सकती। इसलिए यदि जीवन में आगे बढ़ाना है, सफल होना है, तो हमारे अंदर स्किल का होना बहुत जरूरी है यही व्यावसायिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है।

# ऐतिहासिक रही भगवा यात्रा, हिन्दुओं की उमड़ी भीड़

## साध्वी सरस्वती रही कार्यक्रम की मुख्य वक्ता, जाति बिरादरी, धार्मिक, सामाजिक संगठ्नों एवं राजनैतिक दलों के मुखिया भी मंच पर रहे एकजुट

**सीधी।** भगवा यात्रा भव्य और ऐतिहासिक रही, 9 वर्षों से लगातार हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं के अभूतपूर्व मेहनत, रात दिन बस एक ही धुन 12 जनवरी भगवा यात्रा, इसी थीम वर्ड को कार्यकर्ताओं ने विराट रूप में प्रदर्शित किया।




हिंदू जागरण मंच की जिला टोली, खंड और नगर टोली, ग्राम केंद्र इकाई, वीरांगना वाहिनी, युवा वाहिनी, तो नगर में डॉक्टर वर्षा गौतम के नेतृत्व में लगातार, पूनम तिवारी, सावित्री पटेल, गुड़िया केवट, अनुराधा साकेत, पिंकी राजभर, सेजल चतुर्वेदी, पूनम सिंह, संगीता कुशवाहा, दीपमाला गुप्ता, पुष्पांजलि विश्वकर्मा, सोनम गुप्ता, आरती मिश्रा, कविता भारती, सुनीता रानी वर्मा, नेहा खत्री, सुधा मिश्रा, विमला सिंह, अर्चना सिंह, साक्षी नामदेव, सोनम सिंह, रिंकी तिवारी, दीपाली सिंह, उमा वर्मा, जया जायसवाल, 1 महीने 13 दिन प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक पूरे नगर के 24 वार्डों में हर हिंदू को घर घर जाकर आमंत्रित किया, संगठन के जमोड़ी खंड की टोली में नरेंद्र यादव, संतोष विश्वकर्मा, रिंकू गुप्ता, बीनू साहू, अजय गुप्ता, महेश जायसवाल, इन सभी कार्यकर्ताओं के साथ इनकी पूरी टीम समस्त ग्राम केंद्र के कार्यकर्ताओं ने तो जी जान लगाकर मेहनत किया, अमिलिया, सोनवर्षा, पहाड़ी, हटवा, हिनौती, सिहावल, के कार्यकर्ताओं में राजकुमार गुप्ता, रजनीश चौहान, अंबिकेश पटेल, मोहित केशरवानी, के साथ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भी अदभुत मेहनत की, अपने क्षेत्र को सजाया, हिंदुओं से सम्पर्क किया, नगर को सजाने के लिए एक हफ्ते तक रात रात तक जग कर नगर को सजाने, झंडी, बैनर, पोस्टर लगाने में युवा वाहिनी के कार्यकर्ता अनूप वर्मा, विक्की त्रिपाठी, आर्यन गुप्ता, दीप वर्मा, धीरज कचेर, आनंद गुप्ता, राजन केवट, दुर्गेश सोनी, सनी खत्री, भीमा खत्री, के साथ अजय गुप्ता, राजू गुप्ता, धीरज अवधिया, वीरेंद्र गुप्ता ने पूरी निष्ठा के साथ मेहनत किया, कार्यक्रम के मंच को शिवम सोधिया और संदीप पनाडिया अपनी पूरी लगन से भव्य और सुंदर बनाया, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से उमा शर्मा, अवतार कृष्ण, सुलोचना पांडेय ने आयोजन को भव्य बनाया, रानी लक्ष्मी बाई की पूर्ण व्यवस्था में सोनम सिंह राजपूत, रिंकी तिवारी ने उत्कृष्ट कार्य किया, स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमूर्ति के लिए पिंकी राजभर, सुधा मिश्रा ने अच्छा प्रयास किया, मंच के सामने महाकुंभ की रंगोली बनाने में सोनम गुप्ता, नेहा रावत, वर्षा रावत, पुष्पांजलि विश्वकर्मा, शिवानी पाण्डेय, वैशाली तिवारी, ने कड़ी मेहनत किया, भारत माता की भव्य आरती के लिए सुनीता रानी वर्मा, कविता भारती ने उत्कृष्ट कार्य किया!

भगवा यात्रा विगत 9 वर्षों की अटूट मेहनत है और इसके लिए संगठन एक एक, प्रत्येक देवतुल्य कार्यकर्ता के समर्पण, निष्ठा, और सहयोग का प्रत्यक्ष परिणाम है कार्यक्रम को भव्यतापूर्ण सम्पन्न कराने में संगठन के ऐसे सभी कार्यकर्ता डॉक्टर अनूप मिश्रा, भीम कामदार, राजेंद्र द्विवेदी, सचिन गुप्ता, राजू गुप्ता, बब्बे सिंह, सुनील भूर्तियां, राघवेंद्र सिंह, वर्षा गौतम, उमा सिंह, पूनम तिवारी, सुमन सिंह, आराधना सिंह, स्नेहलता सिंह, अमिता त्रिपाठी, उमा शर्मा, लालजी गुप्ता, पिंकी राजभर, कविता भारती, आरती मिश्रा, रिंकी तिवारी, नीलेश शुक्ला, नितिन गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, वीरेंद्र गुप्ता, आर्यन गुप्ता, विनोद सोनी, भानु जायसवाल, सुलोचना पांडेय, दीप माला गुप्ता, सहयोग किया । कार्यक्रम का सफल संचालन देवेंद्र सोनी एवं रोहित तिवारी ने किया।

## संक्षिप्त समाचार

### कोई बना सनातनी तो किसी को मोक्ष की तलाश, महाकुंभ में विदेशी श्रद्धालुओं का संगम



**प्रयागराज, एजेंसी।** महाकुंभ 2025 का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा के मौके पर करोड़ों श्रद्धालुओं ने संगम तट पर डुबकी लगाई। इन श्रद्धालुओं में बड़ी संख्या विदेशियों की भी है। जबर्दस्त ठंड के बीच भी विदेशी श्रद्धालु त्रिवेणी पर डुबकी लगाते नजर आए। इन श्रद्धालुओं ने कहाकि भले ही पानी बहुत ज्यादा ठंडा है, लेकिन हमारा दिल आस्था की गर्माहट से भरा हुआ है। गौरतलब है कि हर 12 साल पर प्रयागराज में संगम तट पर महाकुंभ का आयोजन होता है। इस साल यहां पर करीब 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। ब्राजील के फ्रांसिस्को पहली बार भारत आए हैं। वह यहां पर मोक्ष की तलाश में आए हैं। फ्रांसिस्को ने कहाकि यहां पर आना अपने आप में अनोखा अनुभव है। उन्होंने कहाकि भारत दुनिया का आध्यात्मिक दिल है। मैं नियमित योगाभ्यास करता हूं। स्पेन से आए एक अन्य श्रद्धालु ने कहाकि वह खुद को बहुत खुशनसीब मानता है कि उसे महाकुंभ में स्नान का मौका मिला। उसने बताया कि हमारे दोस्तों का एक समूह है। इसमें कोई स्पेन से है कोई ब्राजील से तो कोई पुर्तगाल से। हम सभी आध्यात्मिक यात्रा पर निकले हुए हैं। जितेश प्रभाकर मूल रूप से मैसूर के रहने वाले हैं। अब वह जर्मनी की नागरिकता ले चुके हैं। वह अपनी पत्नी सस्किया नऊफ और बेटे आदित्य के साथ महाकुंभ में आए हैं। उन्होंने कहाकि यह मयाने नही रखता कि मैं भारत में रहता हूं या विदेश में। कनेक्शन तो बना ही रहेगा। मैं हर रोज योगाभ्यास करता हूं।

### महाकुंभ में सवाल पर भड़के बाबा ने यू-ट्यूबर को चिमटे से मारकर भगाया

प्रयागराज, एजेंसी। महाकुंभ 2025 में एक से बढ़कर एक अनोखे संतों में डेरा जमा रखा है। पौष पूर्णिमा के मौके पर आज भोर से ही लाखों की संख्या में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने को जुटे हैं। धर्म उत्सव को लेकर श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा है। महाकुंभ मेला में स्नान के साथ-साथ कई रंग देखने को मिल रहे हैं। महाकुंभ में दूर-दूर से आए साधु-संतों को लेकर लोगों और मीडिया की उत्सुकता भी देखी जा रही है। इस बीच महाकुंभ से एक यू टयूबर के सवाल पर भड़के एक बाबा का वीडियो वायरल हो रहा है जिसकी काफी चर्चा है। यू-टयूबर के सवाल पर भड़के बाबा ने देखते ही देखते चिमटे से उसकी पिटाई कर दी। बाबा ने कहा कि यू-टयूबर ने उनसे फालतू सवाल किया था। एक टीवी चैनल के एक्स हैंडल पर प्रसारित वीडियो में यू-टयूबर पर गुस्सा करते बाबा दिख हरे हैं। यू-टयूबर ने बाबा से इंटरव्यू की शुरुआत कुछ यूं की। यू-ट्रयूबर ने पूछा- कब से महाराज जी आप संन्यासी संप्रदाय में शामिल हुए बाबा जवाब देते हैं- बचपन से ही। इस पर यू-ट्रयूबर दोहराता है- बचपन से ही महाराज जी, बाबा बोलते हैं- और क्या देखा तुमने। इसके बाद यू-ट्यूबर अगला प्रशन करता है कि महाराज जी कौन सा आप लोग भजन करते हैं भगवान का...क्या गीत... इस दूसरे सवाल पर बाबा भड़क जाते हैं।

### छत्तीसगढ़ में 65000 करोड़ रुपए निवेश करेगा अडानी ग्रुप, इन जिलों को फायदा

**रायपुर, एजेंसी।** अडानी ग्रुप छत्तीसगढ़ में 65000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। उद्योगपति गौतम अडानी ने रविवार को इसकी घोषणा की। छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने कहा कि उद्योगपति गौतम अडानी ने रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साई के साथ बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ में ऊर्जा और सीमेंट परियोजनाओं में 65000 करोड़ रुपए के निवेश की घोषणा की। रायपुर में उनके आधिकारिक आवास पर मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले अडानी ने राज्य में अपने समूह की महत्वाकांक्षी विस्तार योजनाओं की रूपरेखा तैयार की। राज्य के जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी एक बयान के अनुसार अडानी समूह रायपुर, कोरबा और रायगढ़ में अपने बिजली संयंत्रों के विस्तार के लिए 60,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगा। इससे छत्तीसगढ़ की बिजली उत्पादन क्षमता 6,120 मेगावाट अतिरिक्त बढ़ जाएगी। बयान में कहा गया है कि इसके अलावा अडानी समूह राज्य में अपने सीमेंट संयंत्रों के विकास और विस्तार के लिए 5,000 करोड़ रुपए आवंटित करेगा। राज्य के सामाजिक बुनियादी ढांचे को महत्वपूर्ण बढ़ावा देने के लिए अडानी ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल विकास और पर्यटन क्षेत्र में अगले चार वर्षों में 10,000 करोड़ रुपए के निवेश का भी आश्वासन दिया। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की सलाह पर की गई इस प्रतिबद्धता को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) ढांचे और अन्य समूह पहलों के तहत लागू किया जाएगा। बैठक में रक्षा संबंधी उपकरणों के निर्माण, डेटा सेंटर स्थापित करने और छत्तीसगढ़ में एक वैश्विक क्षमता केंद्र स्थापित करने में संभावित सहयोग की संभावना तलाश की गई।

# भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ और बीजीबी के बीच तनाव

**मेखलीगंज, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से ग्रामीणों द्वारा कुछ क्षेत्रों में बाड़ लगाने के प्रयासों को लेकर तनाव बढ़ रहा है. मालदा जिले के बैष्णबनगर के सुकदेवपुर में बाड़ लगाने का काम रोक दिया गया है, जबकि कूचबिहार जिले के मेखलीगंज में इसी तरह के काम के कारण समस्याएं पैदा हुई हैं. एक अंग्रेजी अखबार रिपोर्ट के मुताबिक, मेखलीगंज के ग्रामीणों ने शुक्रवार को बांग्लादेशी एन्क्लेव दहाग्राम-अंगारपोटा की सीमा के कुछ हिस्सों पर बाड़ लगाना शुरू कर दिया. पड़ोसी देश के अर्धसैनिक बल बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के सशस्त्र जवानों ने उनसे बहस की और उन्हें चार फुट ऊंची कांटेदार तार की बाड़ लगाने से रोकने की कोशिश की. बाद में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने की निगरानी पहरा दिया और इस प्रक्रिया को सुगम बनाया. दहाग्राम-अंगारपोटा एन्क्लेव को बांग्लादेश की मुख्य भूमि से जोड़ने वाली 178 मीटर गुणा 85 मीटर की संकरी सड़क जिसे तीन बीघा कॉरिडोर कहा जाता है, यह इलाका पूरी तरह से बिना बाड़ वाला है और दोनों देशों की ओर से भारी संख्या में सैन्य बल तैनात किए गए हैं. ग्रामीणों ने कहा कि वे बांग्लादेश से आने वाले मवेशियों को अपने खेतों में चरने और फसलों को खाने से रोकने के लिए बीएसएफ की मदद से बाड़ लगा रहे थे. बीएसएफ की एक टीम मौके पर पहुंची और बीजीबी अधिकारियों के साथ जमीनी स्तर पर बातचीत के बाद स्थिति को नियंत्रण में लाया. मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नाम न बताने की शर्त पर बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि यह स्थायी बाड़ (मेखलीगंज में) नहीं है, बल्कि स्थानीय स्तर पर बनाई गई एक तात्कालिक बाड़ है, जो जीरो लाइन के बहुत करीब है. तीन दिन पहले ही बीएसएफ के जवानों ने अवैध रूप से सीमा पार कर भारतीय सीमा में घुसने के आरोप में सात बांग्लादेशी घुसपैठियों और दो भारतीयों समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार किए गए लोगों में मेखलीगंज का एक दलाल मिथुन रे भी शामिल है. इससे पहले सोमवार को सुकदेवपुर में सिंगल रो कंटीले तार की बाड़ लगाने को लेकर बीएसएफ और बीजीबी के बीच तनाव बढ़ गया था, जिस पर बीजीबी ने आपत्ति जताई थी. मंगलवार को कुछ देर के लिए काम शुरू हुआ, लेकिन दोपहर में दोनों पक्षों के बीच फ्लैग मीटिंग के बाद इसे रोक दिया गया. तब से इसे फिर से शुरू नहीं किया गया है. बीएसएफ अधिकारियों के अनुसार, मुद्दों को सुलझाने और स्थिति को शांत करने के लिए कमांडेंट और सेक्टर स्तर की बैठक हुई है. मालदा में बीएसएफ द्वारा स्थायी बाड़ लगाई जा रही थी, जबकि मेखलीगंज में यह जीरो लाइन के करीब अस्थायी बाड़ थी. जब बाड़ स्थायी प्रकृति की होती है, तो इसे अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) से 150 गज की दूरी पर लगाया जाना चाहिए. बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि अगर कुछ भौतिक बाधाएं हैं और 150 गज की दूरी बनाए रखते हुए बाड़ लगाना संभव नहीं है और आबादी और ग्रामीणों के बहुत करीब रहने के कारण कम दूरी पर बाड़ लगाना पड़ता है, तो चर्चा के बाद निर्णय लिया जाता है. बीएसएफ अधिकारियों ने इस मुद्दे के पीछे कुछ लोगों के दुर्भावनापूर्ण इरादों को जिम्मेदार ठहराया. बीएसएफ अधिकारियों ने कहा कि यथास्थिति बरकरार रखी गई है. जमीन पर कोई बदलाव नहीं हुआ है और बाड़ लगाने का काम जल्द ही फिर से शुरू होगा. उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो पर विश्वास न करने की भी अपील की. बीएसएफ साउथ बंगाल फ्रंटियर के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चूंकि बाड़ लगाने का काम जरूरी नहीं है, इसलिए हम अनावश्यक तनाव और भ्रम से बचने के लिए इसे कुछ समय के लिए स्थगित रख रहे हैं. यह जल्द ही शुरू होगा, लेकिन हम कोई समय सीमा तय नहीं कर रहे हैं. सूत्रों ने कहा कि पिछले दो दिनों में संबंधित क्षेत्रों में बीएसएफ की तैनाती बढ़ा दी गई है, चौबीसों घंटे गश्त और निगरानी की जा रही है. बीएसएफ अधिकारी ने कहा कि हम दोहराते हैं कि बैष्णबनगर में सीमा की स्थिति नियंत्रण में है और हमने और अधिक तनाव से बचने के लिए काम को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है।



## खूंखार नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे गिरफ्तार, बीजीएल सेल, ग्रेनेड, वायर समेत विस्फोटक बरामद



**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले से बड़ी खबर सामने आई है। खूंखार और दुर्दांत नक्सली प्रभाकर की पत्नी राजे कांगे गिरफ्तार हो गई है। राजे कांगे डीवीसीएम रैंक की नक्सली है। राजे कांगे पर 8 लाख रुपये का इनाम घोषित है। राजे कांगे रावघाट एरिया कमेटी की प्रभारी थी। पुलिस ने उन्हें कौड़ोसाल्हेभाट गांव से गिरफ्तार किया है। राजे एक ग्रामीण के घर छुपी थी। पुलिस ने नक्सल समर्थक श्यामनाथ उसेंडी को भी गिरफ्तार किया गया है। मामला कोयलीबेडा थानाक्षेत्र का है। कांकेर पुलिस के मुताबिक कुछ दिनों से प्रतिबंधित और गैर कानूनी सीपीआई माओवादी संगठन के उत्तर बस्तर डिवीजन के तहत सक्रिय रावघाट एरिया कमेटी प्रभारी मालती उर्फ राजे उर्फ निर्मला कांगे की गतिविधि की जानकारी मिल रही थी। 11 जनवरी को जिला कांकेर के थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र से मालती और नक्सल सहयोगी और शरण देने वाला श्यामनाथ उसेंडी को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार नक्सली मालती उर्फ राजे से पूछताछ की जा रही है।

**एक माह पहले गिरफ्तार हुआ था प्रभाकर :** बता दें कि कांकेर पुलिस के 23 दिसंबर को प्रभाकर को गिरफ्तार किया था। उस पर 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था। प्रभाकर को 4 जनवरी को कांकेर जिला न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेज दिया है। प्रभाकर 40 सालों से नक्सली के रूप में सक्रिय था। कांकेर जिले में ही उस पर 76 मामले दर्ज हैं। एनआईए के साथ कई महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, बिहार सहित कई राज्यों में उस पर अपराध दर्ज हैं। राजे कांकेर प्रभाकर की पत्नी है।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल हैं आप विधायकः स्मृति ईरानी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड की जांच के सिलसिले में आप विधायक मोहिंदर गोयल को नया नोटिस जारी किया है। इसको लेकर भारतीय जनता पार्टी की नेता स्मृति ईरानी ने रविवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा। ईरानी ने दावा किया कि आप विधायक मोहिंदर गोयल और जय भगवान उपकार बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने में शामिल हैं। मीडिया से बात करते हुए ईरानी ने कहा, आप के दो विधायक बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए फर्जी आधार कार्ड बनाने की साजिश में शामिल हैं। दिल्ली पुलिस ने आप विधायक और उनके कर्मचारियों को दो नोटिस जारी किए हैं, लेकिन दोनों ने जांच में सहयोग नहीं किया है। ईरानी ने आगे कहा, आम आदमी पार्टी के नेता राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े ऐसे मुद्दों पर चुप क्यों हैं? वे घुसपैठिए कौन हैं जो फर्जी वोटर कार्ड बनाकर हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर करना चाहते हैं? आम आदमी पार्टी के विधायक जांच एजेंसियों के साथ समन्वय क्यों नहीं कर रहे हैं? आम आदमी पार्टी बांग्लादेशी घुसपैठियों के समर्थन में खड़ी है। भाजपा नेता के आरोपों को आप ने राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया है।

# कभी केरोसिन के लैंप में पढ़ते थे वी नारायणन, 9वीं में आने के बाद घर में आई बिजली

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को नए बॉस मिलने वाले हैं। 14 जनवरी को मौजूदा चीफ एस सोमनाथ का कार्यकाल होते ही वी नारायणन अध्यक्ष पद संभालेंगे। बगैर छत के स्कूल से लेकर स्पेस एजेंसी के चीफ बनने तक की उनकी कहानी किसी फिल्म से नहीं है। उन्होंने साल इसरो में अपनी वैज्ञानिक पारी का आगाज साल 1984 में किया था।

**डॉक्टर वी नारायणन का सफरः** दिवंगत किसान सी वेन्नियापेरुमल और दिवंगत एस थंगामल नारायणन के सबसे बड़े बेटे वी नारायणन का जन्म तमिलनाडु के कन्याकुमारी जिले के मेलाकट्टुविलई गांव के गरीब परिवार में हुआ था। उन्होंने शुरुआती शिक्षा सरकारी स्कूल और तमिल माध्यम के हाई स्कूल से ली। खास बात है कि कक्षा 9 में आने के बाद उनके घर में बिजली आई। इससे पहले वह केरोसिन के लैंप की रोशनी में पढ़ाई करते थे। यहां तक कि जिस स्कूल में उन्होंने शिक्षा हासिल की, वहां ठीक छत भी नहीं थी।

इसरो के एक वैज्ञानिक बताते हैं, एक दिन उनके शिक्ष ने ऐलान किया कि चांद पर इंसान ने सफलतापूर्वक लैंडिंग कर ली है। वह आज भी उस बात को बड़े उत्साह से बताते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तमाम मुश्किलों के बावजूद नारायण ने 10वीं में पहली रैंक हासिल की। इसके बाद उन्होंने एएमआईई मैकेनिकल इंजीनियरिंग की और बाद में आईआईटी खड़गपुर से एमटेक और पीएचडी किया।



इसरो में चार दशक से ज्यादा के अनुभव के दौरान वह कई अहम पदों पर रहे हैं। खबर है कि वह रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन के विद्वान हैं। उनकी उपलब्धियों में जीएसएलवी एमके आई द्यद्य व्हीकल का सी25 क्रायोजैनिक प्रोजेक्ट शामिल है। वह इसके प्रोजेक्ट डायरेक्टर थे। डॉक्टर नारायणन के नेतृत्व में एलपीएससी इसरो के कई मिशनों के लिए 190 लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम और कंट्रोल पावर प्लांट मुहैया करा चुका है। उन्होंने आदित्य अंतरिक्ष यान और जीएसएलवी एमके-आईद्यद्य मिशनों, चंद्रयान-2 और चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन सिस्टम में भी योगदान दिया था।

**आगे क्या है प्लान :** नारायणन ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी एक सफल दौर से गुजर रही है और उसके पास चंद्रयान-4 तथा गगनयान जैसे मिशन हैं। उन्होंने कहा था, यह एक महान संस्था है। कई श्रेष्ठ लोगों ने इसका नेतृत्व (अतीत में) किया है। मैं इसका हिस्सा बनना सौभाग्य मानता हूं। आगामी परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए नारायणन ने कहा कि इसरो ने 30 दिसंबर को 'स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट' (स्पाडेक्स) मिशन की शुरुआत की थी और 'स्पाडेक्स' उपग्रहों का डॉकिंग प्रयोग नौ जनवरी को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गगनयान इसरो का एक और प्रमुख कार्यक्रम है। इसके तहत मानवरहित मॉड्यूल या मानवरहित रॉकेट के प्रक्षेपण से संबंधित कार्य सफलतापूर्वक प्रगति पर हैं। उन्होंने कहा कि इस महीने के अंत में जीएसएलवी के जरिए नौवहन उपग्रह 'एनवीएस 02' के प्रक्षेपण का कार्य श्रीहरिकोटा में प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि इसरो के मार्क 3 वाहन के जरिए अमेरिका के एक वाणिज्यिक उपग्रह को भेजने और गगनयान (जी 1) के हिस्से के रूप में 'रॉकेट असेंबली' का काम भी वहां (श्रीहरिकोटा) प्रगति पर है।

# 1.5 लाख करोड़ की डिफेंस डील करने जा रहा भारत, बेड़े में शामिल होंगे धांसू हथियार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डिफेंस सेक्टर में खुद को और मजबूत करने के इरादे से भारत आने वाले महीनों में कई बड़े समझौते करने जा रहा है। इस साल 31 मार्च को खत्म होने वाले फाइनेंशियल ईयर से पहले भारत ने 4 बड़े रक्षा समझौते को फाइनल करने का प्लैन बनाया है। सूत्रों के मुताबिक भारतीय बेड़े में फाइटर जेट्स, पनडुब्बियों, हेलीकॉप्टरों और तोपों को शामिल करने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के समझौते किए जाएंगे। ये डील्स सशस्त्र बलों की फायर पावर और कॉम्बैट कैपेबिलिटीज को बढ़ाने के लिए एक दूरदर्शी योजना का हिस्सा है।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने रक्षा सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया है कि भारत जल्द ही फ्रांस के साथ 26 राफेल-मरीन लड़ाकू जेट के सीधे अधिग्रहण के लिए लगभग 63,000 करोड़ रुपये का समझौता करने जा रहा है। इनकी तैनाती स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत के डेक पर की जाएगी। वहीं इस समझौते में नेवी के लिए 22 सिंगल-सीट मैरीटाइम जेट और चार ट्विन-सीट ट्रेनर के साथ-साथ हथियार, सिमुलेटर, ट्रेनिंग और पांच साल के लिए लॉजिस्टिक्स सपोर्ट के साथ-साथ आईएएफ के बेड़े में शामिल किए गए 36 राफेल के लिए पुर्जों की खरीददारी भी शामिल है। इस मसौदे पर पीएम के नेतृत्व वाली सुरक्षा पर कैबिनेट समिति से अंतिम मंजूरी का इंतजार है। गौरतलब है कि पीएम मोदी 11 और 12 फरवरी को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन के लिए फ्रांस का दौरा करने वाले हैं। इस दौरान फ्रांस के साथ 38,000 करोड़ रुपये का एक अन्य समझौता भी किया जाएगा। इसमें तीन अतिरिक्त स्कॉर्पीन डीजल-इलेक्ट्रिक पनडुब्बियां शामिल होंगी, जिनमें लंबे समय तक पानी के नीचे टिकने के लिए एयर-इंडिपेंडेंट प्रोपल्शन (एआईपी) होगा। इसका निर्माण मुंबई स्थित मझगांव डॉक्स में किया जाएगा। इसकी पहली तैनाती 2031 की जाएगी।



## जवाहर लाल नेहरू को खट्टर ने बताया एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर, भूपेंद्र हुड्डा ने जताई नाराजगी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** जवाहर लाल नेहरू को एक्सीडेंटल प्राइम मिनिस्टर कहने के हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा भड़क गए हैं। हुड्डा ने पलटवार करते हुए कहा कि खुद मनोहर लाल एक्सीडेंटल चीफ मिनिस्टर रहे। उनके पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है। जनता का ध्यान भटकाने के लिए वह ऐसी बयानबाजी कर रहे हैं। हुड्डा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल 9 साल के करीब प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन आज उनके पास बताने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है इसलिए कांग्रेस की आलोचना करते रहते हैं।

**भाजपा संविधान ही खत्म करना चाहती :** हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेदकर का कांग्रेस ने पूरा सम्मान किया। वे संविधान निर्माण सभा के चेयरमैन थे। उनकी संविधान बनाने में अहम भूमिका रही। उन्होंने कहा कि वन नेशन-वन इलेक्शन का कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस ने केवल संविधान में संशोधन किए थे, जबकि भाजपा संविधान को ही खत्म करना चाहती है। कांग्रेस ऐसा नहीं होने देगी। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर हुड्डा ने कहा कि दिल्ली में भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है इसलिए बंगले को मुद्दा बनाया जा रहा है, जो सरकारी है। कांग्रेस दिल्ली चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेगी। ईवीएम को लेकर हुड्डा ने कहा कि चुनाव आयोग की स्थिति के बारे में सबको पता है। मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है। मनोहर लाल ने कहा था- सरदार वल्लभ भाई पटेल या डॉ. अंबेडकर को बनाना था पीएम पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा था कि देश के आर्थिक विकास में भी डॉ. अंबेडकर की अहम भूमिका रही, वे देश के अग्रणी नेता थे। मैं तो कहता हूं कि जवाहर लाल नेहरू बीकेम द प्राइम मिनिस्टर बाई एक्सीडेंट। उनकी जगह सरदार वल्लभ भाई पटेल या डॉ. भीमराव अंबेडकर को आगे लाया जा सकता था। हालांकि यह उस समय का निर्णय था। किसी न किसी को तो बनना था। उन्होंने ये बात रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी में लोगों को संबोधित करते हुए कही। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कहा कि मैं यह कहना चाहूंगा कि इस देश का संविधान हमारा पवित्र ग्रंथ है।



# श्रीनगर आने वाली ट्रेनों के ट्रांसशिपमेंट का सीएम उमर ने किया विरोध, बोले- पूरा नहीं होगा उद्देश्य

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रविवार को कहा कि कटरा रेलवे स्टेशन पर श्रीनगर-जम्मू ट्रेनों के ट्रांसशिपमेंट का उत्तर रेलवे का प्रस्ताव लाइन के मूल उद्देश्य को ही नष्ट कर देगा और हजारों करोड़ रुपये का निवेश व्यर्थ हो जाएगा. इस बारे में उन्होंने एक्स पर लिखा किसी भी गलतफहमी की संभावना को दूर करने के लिए, हालांकि हम ट्रेन और उसमें यात्रा करने वाले यात्रियों की सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हैं, लेकिन यात्रियों को ट्रेन बदलने के लिए कहने से इस लाइन का मूल उद्देश्य ही नष्ट हो जाएगा और हजारों करोड़ रुपये का निवेश व्यर्थ हो जाएगा. मुख्यमंत्री ने कटरा स्टेशन पर सुरक्षा जांच के विचार का समर्थन किया, लेकिन कहा कि रेलवे अधिकारियों के पास अभी तक कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है. उमर ने कहा, कटरा या जम्मू में ट्रेन/यात्रियों की जांच करें, लेकिन हम ट्रेन में किसी भी तरह के बदलाव का समर्थन नहीं करेंगे. उन्होंने कहा कि अभी तक कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है और जब कोई प्रस्ताव आएगा, तो हम अपने सुझाव/सूचनाएं देंगे.

बता दें कि ईटीवी भारत ने सबसे पहले यह रिपोर्ट दी थी कि उत्तर रेलवे ने योजना बनाई है कि श्रीनगर-जम्मू ट्रेनें कटरा रेलवे स्टेशन पर रुकेंगी और यात्री प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर ट्रेन बदलकर जम्मू या श्रीनगर जाने वाली ट्रेनों में सवार होंगे. रेलवे अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए कहा कि सभी यात्रियों को अपने सामान आदि को दोबारा स्कैन कराना होगा और जम्मू या श्रीनगर की ओर जाने वाली ट्रेन में चढ़ने के लिए प्लेटफार्म नंबर 1 पर जाना होगा.



ट्रांसशिपमेंट योजना को लेकर व्यापारियों और विपक्षी राजनीतिक दलों ने इसकी निंदा की है और मांग की है कि कश्मीर और जम्मू के बीच ट्रेन संपर्क सीधा होना चाहिए और इसमें कोई ट्रांसशिपमेंट नहीं होना चाहिए. मुख्यमंत्री उमर इस मुद्दे पर विपक्षी दलों द्वारा सवाल उठाए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे. वहीं पीपुल्स कांफ्रेंस (पीसी) के अध्यक्ष और विधायक सज्जाद लोन ने कहा कि कटरा में ट्रेन का परिवर्तन करने से ट्रेन की मनोवैज्ञानिक प्रासंगिकता खत्म हो जाती है. लोन ने कटरा रेलवे स्टेशन पर ट्रांसशिपमेंट के बदलाव का बचाव करने के लिए उमर पर हमला बोला. लोन ने एक्स पर लिखा कृपया हम सभी को आराम करने दें. भाजपा द्वारा किए जाने वाले हर काम को सही ठहराना बंद करें. सुरक्षा के बहाने को सही ठहराकर आप वस्तुतः हर चीज को सही ठहरा सकते हैं. यही तो मौजूदा और पिछली सरकारों ने किया है.

उन्होंने कहा, काश हमारे लोगों ने एनडीए के केंद्रीय मंत्री के रूप में आपके कथनों को याद रखा होता. मैं, सुरक्षा मुद्दों पर आपके दक्षिणपंथी विचारों से हैरान नहीं हूं. तब और अब-आप कश्मीर में दिल्ली के आदमी की तरह लगते हैं. और उन्होंने अभी तक आपको एनडीए में शामिल नहीं किया है. मैंने यह कई बार कहा है और इसे दोहराऊंगा. जिस दिन आप उनके साथ शामिल होंगे, लोग पिछले पांच साल भूल जाएंगे. आप यातना में नए रिकॉर्ड बनाएंगे. लोन ने कहा कि कटरा में ट्रेन बदलने से ट्रेन की मनोवैज्ञानिक प्रासंगिकता खत्म हो जाती है. उन्होंने कहा, और मुझे यह जानना अच्छा लगेगा कि कटरा में सुरक्षा से संबंधित वे क्या करेंगे जो वे श्रीनगर में नहीं कर सकते।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में

# पाकिस्तान का पलड़ा भारत पर भारी रहेगाः मो.आमिर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व पाकिस्तानी तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर को लगता है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में पाकिस्तान का पलड़ा भारत पर भारी रहेगा। भारत और पाकिस्तान 23 फरवरी को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई में होने वाले इस मेगा इवेंट के सबसे बड़े मैच में आमने-सामने होंगे। आईसीसी इवेंट्स में भारत ने पाकिस्तान पर ऐतिहासिक रूप से दबदबा बनाया है और विश्व कप के इतिहास में उसे सिर्फ एक बार हार का सामना करना पड़ा है।

चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में पाकिस्तान का पलड़ा भारी है, उसने पांच मैचों में से तीन बार भारत को हराया है। हाल ही में, आमिर ने दोनों टीमों के बीच होने वाले आगामी धमाकेदार मुकाबले पर अपने विचार साझा किए और बताया कि कैसे ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में पाकिस्तान की हालिया सीरीज जीत ने उन्हें भारत पर बढ़त दिलाई है, जो अपनी हालिया हार के कारण मुश्किल दौर से गुजर रहा है। आमिर ने कहा, पाकिस्तान ने हाल ही में जिस तरह का खेल दिखाया है - ऑस्ट्रेलिया को ऑस्ट्रेलिया में हराना और फिर दक्षिण अफ्रीका को हराना - यह उनकी ताकत को दर्शाता है, खासकर विदेशी परिस्थितियों में। उनके हालिया प्रदर्शन को देखते हुए मुझे लगता है कि भारत के खिलाफ




पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहेगा। हालांकि बड़े टूर्नामेंट में भारत हमेशा से मेरा पसंदीदा रहा है। लेकिन भारतीय टीम दबाव में है और अपनी हालिया हार के कारण कड़ी आलोचना का सामना कर रही है।

पूर्व तेज गेंदबाज ने आगे बोलते हुए टूर्नामेंट के दौरान बुमराह की अनुपलब्धता की खबरों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि उनके बिना भारतीय गेंदबाजी आक्रमण 40-50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। उन्होंने कहा, अगर बुमराह नहीं होंगे तो यह भारत के लिए बहुत बड़ा नुकसान होगा। वह भारत के लिए शीर्ष गेंदबाज रहे हैं, जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करते हैं। उनके बिना, भारतीय गेंदबाजी आक्रमण अपनी ताकत का 40-50 प्रतिशत तक कम हो गया है। सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के दौरान बुमराह को चोट लग गई थी और उन्होंने पहली पारी के बीच में आराम किया था।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बुमराह को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी जाने के लिए कहा है। सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि बुमराह को चैंपियंस ट्रॉफी की अनंतिम टीम में शामिल किया जा सकता है, लेकिन अंतिम फैसला उनके ठीक होने के आधार पर लिया जाएगा।




# शेफाली वर्मा ने ठोका तूफानी शतक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम से बाहर चल रही शेफाली वर्मा का बल्ला रुकने का नाम नहीं ले रहा, उनके बल्ले से रन नॉन-स्टॉप बरस रहे हैं. सीनियर महिलाओं के वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में टीम ष्ठ के खिलाफ तो उन्होंने कहर ही मचा दिया. टीम A से खेलते हुए शेफाली ने इस मुकाबले में शानदार शतक जड़ा. शेफाली ने टूर्नामेंट में अपने पहले शतक की स्क्रिप्ट 60 गेंदों पर लिखी. ये इस टूर्नामेंट में उनका लगातार चौथा फिफ्टी प्लस स्कोर है. इससे पहले वो दो बार नाइन्टीज में आकर आउट हो गई थी और शतक से चूक गई थीं.

### 60 गेंदों में पूरा किया शतक

शेफाली वर्मा ने टीम ष्ठ के खिलाफ 166.6 की स्ट्राइक रेट से 60 गेंदों में अपने 100 रन पूरे किए, इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के लगाए. हालांकि उनकी पूरी पारी कुल 70 गेंदों की रही, जिसमें उन्होंने 115 रन 14 चौके और 6 छक्के की मदद से बनाए. वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में ये शेफाली वर्मा का चौथा मैच है. इससे पहले खेले 3 मुकाबलों में उन्होंने 95, 91 और 87 रन की पारी खेलते हुए कुल 273 रन जड़े थे. अब 4 मैच के बाद वनडे चैलेंजर ट्रॉफी में उनके रनों की कुल संख्या 388 रन हो गई है.

### हर मैच में शेफाली ने मचाया तूफान

शेफाली ने टूर्नामेंट में अब तक खेले चारों ही मैच में फिफ्टी प्लस स्कोर बनाया है. इतना ही नहीं मुकाबला वनडे का होते हुए भी उन्होंने रन ऐसे बरसाए जैसे टी-20 मैच हो. मतलब उन्होंने कम गेंदों में ज्यादा रन बनाए हैं. जैसे पहले मैच में उन्होंने 65 गेंदों में 95 रन बनाए तो दूसरे में 71 गेंदों में 91 रन ठोके. वहीं तीसरे मैच में 58 गेंदों में 87 रन जड़े. बल्लेबाजी का यही अंदाज शेफाली वर्मा का असली मिजाज है. वर्ल्ड क्रिकेट में वो इसी के लिए जानी भी जाती हैं.

### 212 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शेफाली का धमाका

मुकाबले की बात करें तो टीम ष्ठ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 211 रन बनाए. जो कि आसान तो पहले से ही लग रहा था लेकिन शेफाली की आक्रामक पारी की बदौलत वो और भी आसान हो गया. टीम, की ओपनिंग जोड़ी भले ही 47 रन पर टूट गई लेकिन इनफॉर्म शेफाली एक छोर संभाले खड़ी रही, जिसका असर साफ देखने को मिला.

### ऐसे ही चला तो जल्दी हो सकती है टीम इंडिया में वापसी

शेफाली ने भारत के लिए आखिरी वनडे पिछले साल अक्टूबर में खेला था. लेकिन घरेलू क्रिकेट में उनके मौजूदा फॉर्म और रनों का अंबार देखकर कहना गलत नहीं होगा कि जल्दी ही उनकी वापसी हो सकती है. वैसे भी आयरलैंड सीरीज के दौरान कप्तान स्मृति ये कह चुकी है कि शेफाली टीम की स्किम ऑफ थिंग्स में हैं.

शोएब अख्तर ने बताया गजब का उपाय

# अगर विराट कोहली को रन बनाने के लिए जगाना है तो कर दो ये काम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** विराट कोहली इन दिनों काफी खराब फॉर्म से गुजर रहे हैं और पिछले कुछ वक्त से रन बनाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट शोएब अख्तर का मानना है कि कोहली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। शोएब अख्तर ने बताया कि अगर आपको विराट कोहली को फॉर्म में लाना है और आप चाहते हैं कि वो रन बनाएं तो आपको ये काम करना होगा।

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 190 रन बनाए थे और उनका फॉर्म में नहीं होना टीम इंडिया के लिए चिंता का विषय है। भारत को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में हिस्सा लेना है और भारत को इस टूर्नामेंट को जीतन के लिए कोहली का फॉर्म में होना भी अहम होगा। हालांकि वनडे प्रारूप अलग है और वो जिस तरह के खिलाड़ी हैं उससे उम्मीद की जा सकती है को वो कमाल कर सकते हैं। कोहली वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भी कमाल के रहे थे और उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया था। उन्होंने इस टूर्नामेंट में 750 से ज्यादा रन बनाए थे और एक वर्ल्ड कप एडिशन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने थे। भारत वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल तक पहुंचा था और इसमें कोहली की शानदार बल्लेबाजी का भी योगदान रहा था। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि वो चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के लिए बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

इन सारी बातों के बीच शोएब अख्तर से आज तक की एक रिपोर्टर ने पूछा कि विराट कोहली और रोहित शर्मा ने हाल ही में रन नहीं बनाए हैं। क्या आपको लगता है कि इसका असर चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में उन दोनों पर पड़ेगा। इसका जवाब देते हुए शोएब ने कहा कि अगर आप चाहते हैं कि कोहली रन बनाएं तो उन्हें बता दें कि पाकिस्तान के खिलाफ मैच है। उन्होंने कहा कि जब भारत अपने चिर प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ खेलते है तो अपने आप जाग जाता है। कोहली के बारे में उन्होंने कहा कि मेलबर्न में उन्होंने अच्छी पारी खेली थी और पाकिस्तान का नाम सुनते ही वो जाग जाएंगे। वहीं उन्होंने इस दौरान बाबर आजम के भी फॉर्म में लौटने की बात कही और बताया कि वो वापसी करेंगे और अपना हुनर दिखाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया ओपन

# एलेक्स मिशेलसन ने ऑस्ट्रेलिया ओपन में सितसिपास को हराया



**मेलबर्न, एजेंसी।** अमेरिका के टेनिस खिलाड़ी एलेक्स मिशेलसन ने सोमवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 के पहले दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी स्टेफोनोस सितसिपास को हराकर टूर्नामेंट का बड़ा उलटफेर करते हुए अपने करियर की सबसे बड़ी जीत दर्ज की। यहां मिशेलसन ने दो घंटे और 43 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मनी के स्टेफोनोस सितसिपास को 7-5, 6-3, 2-6, 6-4 से हराया। ग्रैंड स्लैम में शीर्ष-20 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ मिशेलसन की यह पहली जीत है। उन्होंने मैच के दौरान निंभिक रणनीति के तहत शक्तिशाली सर्विस और आक्रामक ग्राउंडस्ट्रोक लगाए। मैच के बाद मिशेलसन ने कहा, 'मैंने स्वयं को शांत रखने का प्रयास किया। मुझे मालूम था कि यह एक कठिन मुकाबला होगा, और मैं बहुत खुश हूं कि मैं इसे जीत सका। यह सब आपकी मानसिकता पर निर्भर करता है। मैंने सही मानसिकता के साथ प्रदर्शन किया और अपनी रणनीति पर सही तरीके से अमल किया।

# अभिषेक शर्मा के साथ एयरपोर्ट पर हुई बदतमीजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी अभिषेक शर्मा के साथ दिल्ली एयरपोर्ट पर बदसलूकी हो गई. उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरी शेयर करके दावा किया है कि एयरलाइन के स्टाफ ने गलत व्यवहार किया है. अभिषेक छुट्टी मनाने के लिए जाने वाले थे. लेकिन एयरपोर्ट




पर हुई दिक्कत के बाद उनकी फ्लाइट छूट गई. इसके साथ ही उनकी कोई मदद भी नहीं की गई. अभिषेक को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए चुना गया है. वे भारत-इंग्लैंड सीरीज में खेलते हुए नजर आएंगे.

अभिषेक ने इंस्टाग्राम पर सोमवार सुबह स्टोरी शेयर की. उन्होंने लिखा, दिल्ली एयरपोर्ट पर इंडिगो के साथ मेरा बहुत ही खराब अनुभव रहा. स्टाफ का व्यवहार बर्दाश्त करने जैसा नहीं था. मैं सही काउंटर पर टाइम पर पहुंच गया था. लेकिन उन्होंने मुझे अनावश्यक रूप से दूसरे काउंटर पर भेज दिया. इसके बाद मुझे बताया गया कि चेक-इन बंद हो गया है. इसकी वजह से मेरी फ्लाइट छूट गई. मेरे पास सिर्फ एक दिन की छुट्टी थी. जो कि अब बर्बाद हो गई है.

अभिषेक जल्द ही टीम इंडिया के साथ जुड़ेंगे. वे भारत और इंग्लैंड के बीच 22 जनवरी से शुरू होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज का हिस्सा हैं. अभिषेक विस्फोटक बैटर हैं और कई मौकों पर दमदार प्रदर्शन कर चुके हैं. वे इंग्लैंड सीरीज से पहले छुट्टी बिताना चाहते थे. लेकिन फ्लाइट छूटने की वजह से ऐसा नहीं हो सका. उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी शिकायत भी की.

बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज का पहला मैच 22 जनवरी को कोलकाता में खेला जाएगा. इसके बाद दूसरा मैच 25 जनवरी को चेन्नई में खेला जाएगा.

नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिपः

# जामवाल का राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में दबदबा कायम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया। वहीं, लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी।

अविनाश जामवार का राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी है और उन्होंने सेमीफाइनल में मौजूदा वेल्टरवेट चैंपियन शिव थापा को हरा दिया है। हिमाचल प्रदेश के जामवाल ने इससे पहले 2022 युवा विश्व चैंपियन वंशज कुमार को हराया था।

सेना खेल नियंत्रण बोर्ड ( एसएससीबी) ने अपना दबदबा बरकरार रखा और उसके 10 में से आठ मुक्केबाज फाइनल में पहुंच गए। पूर्व युवा विश्व चैंपियन सचिन सिवाच ने हरियाणा के गौरीश पुजानी को लाइटवेट (55 से 60 किलो) वर्ग में हराया। वहीं, लक्ष्य चाहर ने मिजोरम के मालसावम्त्लुआंगा को लाइट हैवीवेट (75 से 80 किलो) में मात दी। सुपर हैवीवेट (90 और प्लस 90 किलो) वर्ग में उत्तराखंड के नरेंदर ने एसएससीबी के गौरव चौहान को हराया और अब उनका सामना हरियाणा के अंशुल गिल से होगा।

चयनकर्ताओं का फैसला गलत नहीं

# श्रीलंका टेस्ट सीरीज से बाहर होने पर बोले ग्लेन मैक्सवेल




**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के हरफनमौला खिलाड़ी ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि अगर वह चयनकर्ता होते तो वही फैसला लेते, जो ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने लिया। मैक्सवेल को श्रीलंका के खिलाफ होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया।

मैक्सवेल ने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था। अब वह इस दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की 16 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। उनकी जगह पहली बार चुने गए ऑलराउंडर कूपर कॉनॉली को टीम में लिया गया है। मैक्सवेल ने इसे पूरी तरह समझने योग्य बताया।

मैक्सवेल के हवाले से कहा, यह बस चयन का मामला है। हमेशा कुछ खिलाड़ी होते हैं जो टीम में जगह चाहते हैं। मैंने कभी नहीं छुपाया कि मैं इस दौरे पर जाना चाहता था, लेकिन मैं उनकी वजहों को पूरी तरह समझ सकता हूं। ऑस्ट्रेलिया पहले ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंच चुका है। उनके पास श्रीलंका में दो टेस्ट हैं और अगले कुछ सालों में उपमहाद्वीप के और भी दौरे होंगे। ऐसे में नए खिलाडियों को इन परिस्थितियों में खेलने का मौका देना जरूरी है। उन्होंने कूपर कॉनॉली को लेकर कहा, किसी युवा खिलाड़ी के लिए यह अनुभव शानदार होगा। कूपर का पहला टेस्ट दौरा है। अगर मैं चयनकर्ता होता, तो शायद मैं भी यही फैसला लेता। मेलबर्न स्टार्स की ओर से बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के खिलाफ 52 गेंदों पर 90 रन की धमाकेदार पारी खेलने के बाद मैक्सवेल ने कहा कि वह अपने टेस्ट करियर पर फिलहाल कोई फैसला नहीं ले रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं अभी भविष्य की कोई योजना नहीं बना रहा हूं। मैं फिलहाल अगले मैच की तैयारी पर ध्यान दे रहा हूं। अपनी शानदार पारी के बारे में मैक्सवेल ने कहा, हर चीज मेरे हिसाब से नहीं हो रही थी।

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम का ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तेज गेंदबाजी जोड़ी एनरिक नॉर्टजे और लुंगी एनगिडी ने 19 फरवरी से शुरू होने वाली 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकदिवसीय टीम में वापसी की है। दक्षिण अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप बी में अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के साथ है। चोटों के कारण पूरा घरेलू अंतरराष्ट्रीय सत्र गंवाने के बाद दोनों की प्रोटियाज एकदिवसीय टीम में वापसी हुई है।

नॉर्टजे जहां बाएं पैर की चोट से पूरी तरह उबर चुके हैं, वहीं एनगिडी कमर की चोट से उबरने के बाद वापस मैदान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय टीम का नेतृत्व टेम्बा बावुमा करेंगे और इसमें दस खिलाड़ी शामिल हैं जो भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के सेमीफाइनल के लिए




क्वालीफाई करने वाली टीम का हिस्सा थे। टोनी डी जोरजी, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स और वियान मुल्डर को उनके पहले सीनियर 50 ओवर के टूर्नामेंट के लिए चुना गया है। हेड कोच रॉब वाल्टर ने कहा, इस टीम में अनुभव का खजाना है, जिसमें कई खिलाड़ी लगातार उच्च दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इस तरह के टूर्नामेंट में इस तरह का अनुभव अमूल्य है। हम अपनी 2023 विश्व कप टीम के मुख्य समूह को बनाए रखने में कामयाब रहे हैं, साथ ही नई प्रतिभाओं को भी शामिल किया है। इवेंट्स में हमारे हालिया प्रदर्शन से पता चलता है कि हम वैश्विक टूर्नामेंटों के बाद के चरणों तक पहुंचने में सक्षम हैं। हम अगला कदम उठाने और प्रतिष्ठित सिल्वरवेयर की खोज में और भी आगे जाने के लिए उत्सुक हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने यह भी कहा कि उसके उच्च प्रदर्शन वाले बल्लेबाजी प्रमुख इमरान खान चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बल्लेबाजी कोच के रूप में सहायक स्टाफ में शामिल होंगे।

वाल्टर ने कहा, हम इमरान के हमारे सहायक स्टाफ में शामिल होने का भी इंतजार कर रहे हैं। हम अपनी बल्लेबाजी को मजबूत करने और एक इकाई के रूप में सुधार जारी रखने के लिए वह एक बड़ी संपत्ति होंगे।

दक्षिण अफ्रीका अपने टूर्नामेंट की शुरुआत 21 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ कराची में करेगा, इससे पहले 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए रावलपिंडी की यात्रा करेगा। फिर वे 1 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ अपने अंतिम ग्रुप स्टेज मैच के लिए कराची लौटेंगे। ग्रुप ए और बी में शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीमः

टेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी ज़ोरज़ी, मार्को जेनसन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मार्करम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेल्टन, तबरेज़ शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स और रासी वैन डेर डुसेन

# ट्रैक्टर फाईनेन्स के नाम पर आदिवासी किसानो के साथ धोखाधड़ी

## दलाल नें एक दर्जन गरीबो को लगाया चूना

**पन्ना।** जिले में गरीब, अशिक्षित लोगो के साथ धोखाधडी करने के मामले लगातार सामने आ रहें है, इसी प्रकार का मामला सलेहा थाना अन्तर्गत ग्राम गुरजी तथा आस पास के आदिवासी बहुल्य ग्रामो का सामने आया है, जहां पर एक चतुर चालाक दलाल द्वारा भोलेभाले आदिवासीयों को गुमराह करते हुए ट्रैक्टर फाईनेन्स कराने की लालच देकर उन्हे अपने जाल में फसाया, तथा विभिन्न ट्रैक्टर ऐजेन्सीयों के माध्यम से ट्रैक्टर फाईनेन्स कराकर अन्य लोगो को दे दिये गये, तथा उक्त दलाल गायब हो गया, जब गरीब आदिवासीयों के पास एजेन्सीयो के माध्यम से किस्त जमा करने के लिए नोटिस भेजे गये तो उनकी पैरो के तले की जमीन खिसक गई, एवं गरीब आदिवासीयों द्वारा मामले की



शिकायत थाना सलेहा मे की गई है। विवरण के अनुसार हरी सिंह पिता भोले सिंह आदिवासी उम्र 58 वर्ष निवासी गुरजी एवं उत्तम सिंह, पिता उजियार सिंह आदिवासी द्वारा सलेहा थाना मे आवेदन देते हुए बताया कि बेली हिनौती निवासी महिपाल सिंह द्वारा हम लोगो के नाम से ट्रैक्टर फाईनेन्स कराया था, एवं अंगूठा आदि लगवाकर धोखाधड़ी करके हमारे दस्तावेजो का गलत इस्तमाल कर ट्रैक्टर फाईनेन्स कराकर कहा ले गया, पता हीं नहीं है, हमे जब पता चला जब एजेन्सी द्वारा किस्त जमा करने के लिए नोटिस भेजे गये है। उक्त मामले में लगभग एक दर्जन लोगो के नाम ट्रैक्टर फाईनेन्स करने का मामला बताया जा रहा है, जबकी अभी दो लोगो हीरा सिंह तथा उत्तम सिंह सामने आये है। जिसमें एक ट्रैक्टर आईशर एजेन्सी पन्ना से फाईनेन्स हुआ है तथा एक ट्रैक्टर महेन्द्रा एजेन्सी अमानगंज से फाईनेन्स किया गया है। इस प्रकार धोखाधड़ी करके गरीब दलित किसानो को गलत ढंग से फसाकर ट्रैक्टर फाईनेन्स कराने का धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, आवेदिको ने थाना प्रभारी तथा पुलिस अधीक्षक सहित वरिष्ट अधिकारीयों से मामले में जांच कराये जाने तथा कार्यवाहरी करने की मांग की है।

# बृद्ध बेवा, गरीब, आदिवासी महिला को नहीं मिल रहा प्रधानमंत्री आवास का लाभ

## वर्षो से काट रहीं ग्राम पंचायत तथा नगर पालिका के चक्कर

**पन्ना।** जहां एक ओर भाजपा की केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रचार प्रसार पर करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहें है, तथा गरीब एवं दलित आदिवासी लोगो के लिए महत्वाकांक्षी योजना बताया जा रहा है, एवं गरीबो को छत देने का काम देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किये जाने का लगातार ढिढौरा पीटा जा रहा है, वहीं दूसरी ओर गरीब, असाहय एवं योजना के लिए पात्र लोगो को उक्त योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। इसी प्रकार का मामला नगर पालिका पन्ना का सामने आया हैं, वार्ड क्रमांक 28 में रहने वाली बृद्ध, बेवा, आदिवासी महिला माया आदिवासी नें बताया कि मेरे पति का देहांत हो गया है, दो लड़कीयां थी, जिसमें एक की शादी हो चुकी है तथा एक लड़की की शादी करना है, पुराना झोपड़ीनुमा मकान बना हुआ है, जो जीर्णषीर्ण हालत में है, मेरे द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाये जाने का



आवेदन दो तीन बार नगर पालिका मे दिया गया है, लेकिन आज दिनांक तक प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं किया गया है। इसके पूर्व हमारा घर ग्राम पंचायत दहलान चौकी के अन्तर्गत आता था, उस समय भी ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा आवास स्वीकृत नहीं कराया गया। वर्ष 2021 में हमारा घर नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 28 में आ गया है, लेकिन नगर पालिका द्वारा भी आवास स्वीकृत नहीं किया गया है।

जबकी नगर पालिका क्षेत्र में विगत वर्ष 2 हजार से अधिक आवास स्वीकृत किये गये थे, जिनमें अधिकांश अपात्र लोगो को जिम्मेवार अधिकारी कर्मचारीयों द्वारा आवास दिये गये थे, लेकिन हम गरीबो की कोई सुनने वाला नहीं है, पीड़ित नें जिला कलेक्टर, क्षेत्रीय विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी से आवास स्वीकृत कराये जाने की मांग की है।

# जगदीश स्वामी मंदिर से लेकर मोदी चौराहा की सड़क के उड़े परखच्चे, नगर पालिका बनीं तमाशाबीन

पन्ना

पन्ना नगर पालिका की उदासीनता तथा भ्रष्टाचारी के चलते नगर की सड़को की हालत बदतर है, अनेक सड़को पर निकलना मुश्किल हो रहा है, जहां एक ओर पूर्व में बनाई गई, सीसी सड़के गड्डो मे तब्दील हो गई है तथा उन पर चलना मुश्किल हो रहा है, वहीं दूसरी ओर अनेक सड़के पाईप लाईन डालने के नाम पर खोद दी गई है, नगर की नब्बे प्रतिशत सड़के पाईप लाईन डालने के लिए खोदी गई है, नगर की हालत बदतर है, श्री जगदीश स्वामी मंदिर कटरा बजार के सामने की सड़क जो महज सौ मीटर है, मोदी चौराहा तक उक्त सड़क के परखच्चे उड़ गये है तथा सड़क गड्डो मे तब्दील है, जो नगर पालिका से मात्र सौ मीटर दूरी पर है, उक्त सड़क की मरम्मत नहीं कराई जा रहीं है लोगो का चलना मुश्किल हो रहा है। वर्तमान समय में नगर की सड़को



की हालत बदतर बनीं हुई है, लेकिन उसके बावजूद नगर पालिका अध्यक्ष, मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा जिम्मेवारो को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। पन्ना नगर पालिका क्षेत्र मे विगत दो वर्ष के दौरान लगभग डेढ अरब की राशि विभिन्न निर्माण कार्यो के नाम पर खर्च करना दर्शाया गया है, लेकिन पन्ना नगर की हालत बदतर बनीं हुई है, चारो तरफ गंदगी के ढेर लगें हुए है, नगर की कोई भी साफ स्वच्छ सड़क नहीं है, छोटी छोटी सड़को पर भी काम नहीं किया गया है, किशोर जी मंदिर से लेकर बड़ा बजार चौराहा तक की सड़क भी पूरी तरह गड्डो मे तब्दील है। उसको भी नहीं बनाया जा रहा है। झूठे विकास के वादे किये जा रहें है। जबकी नगर की हालत दयनीय बनीं हुई है। नगर के लोगो को सड़क, पानी, साफ सफाई जैसी मूल भूत सुविधाए भी नहीं मिल पा रहीं है।

# शासकीय माध्यमिक शाला, बछरबारा में शैक्षणिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**पन्ना।** विकासखंड गुनौर अन्तर्गत जन शिक्षा केन्द्र सलेहा के शासकीय माध्यमिक शाला, बछरबारा में शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया और विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भागीदारी की। कार्यक्रम की शुरुआत रजिस्ट्रेशन से हुई, जिसके बाद बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक और भाषा विकास पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। गणित की पूर्व तैयारी, बच्चों को अन्य शैक्षिक गतिविधियाँ के संबंध मे बताया गया। जिनसे बच्चों की मानसिक क्षमता और समझ में वृद्धि हो सकें। बच्चों ने गणित, भाषा और सामान्य ज्ञान से जुड़े अनेक प्रश्नो को पूंछा गया तथा खेलों एवं अन्य कार्यक्रमो में भाग लिया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक मदन मोहन शर्मा, प्राथमिक शिक्षक लक्ष्मीकांत द्विवेदी, अतिथि शिक्षक संदीप तोमर, अतिथि शिक्षक पुष्पा विश्वकर्मा, अतिथि शिक्षक सरस्वती सिंगरौल उपस्थित रहें। सभी अतिथियों ने बच्चों को उत्साहित किया और उनके द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। इस एफ एल एन मेला का उद्देश्य बच्चों के शैक्षिक विकास को प्रोत्साहित करना और उन्हें नई शैक्षिक तकनीकों से परिचित कराना था। कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों बच्चों ने इसका भरपूर लाभ उठाया और नये ज्ञान को ग्रहण किया।

# शाह नगर तहसील के प्राथमिक स्कूलों में बाल मेलों का किया गया आयोजन

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संघ प्रिय हुए शामिल



**पन्ना।** जिले के समस्त शासकीय प्राथमिक विद्यालयों में आधारभूत साक्षरता कौशल के लिए संचालित गतिविधियों पर केंद्रित बाल मेलों का आयोजन किया गया है। मेलों में प्रारंभिक बच्चों में लिखने, पढ़ने और गणित की समझ से जुड़ी गतिविधियां और प्रतियोगिताएं कराई गईं हैं। मेलों का उद्देश्य बच्चों में शारीरिक और बौद्धिक विकास के प्रति जागरूकता विकसित करना भी है। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय द्वारा शाहनगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया तथा विद्यालय मे आयोजित एफ एल एन मेलो का अवलोकन किया। एवं छात्र छात्राओ से सवाल पूछें, शाहनगर विकासखंड से कक्षा 1 और 2 के लगभग 5 हजार बच्चे इन मेलों में शामिल हुए हैं। माध्यमिक शाला खमतरा में आयोजित बाल मेले में जिला सीईओ संघप्रिय, बीआरसीसी अमित श्रीवास्तव, सीएसी शशांक खरे, सीएसी धीरेन्द्र सिंह सहित शिक्षकगण शामिल रहे। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी संघ प्रिय ने कहा कि सरकार तथा प्रशासन का उद्देश्य विद्यालयों मे पढनें वाले बच्चो में पढाई किस तरह से की जानी है, उसके लिए यह विधी उपयुक्त है।

# ग्राम कृष्णगढ़ में भगवान भोलेनाथ पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** पवई जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम कृष्णगढ़ में अंबिका प्रसाद धरमपुरहा के निवास पर शिवार्चन एवं रूद्राभीषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम महराज त्रिभुवन प्रसाद पांडेय एवं रामप्यारे त्रिपाठी के सानिध्य में बड़े ही विधि विधान के साथ संपन्न कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित हो रहें है तथा पार्थिव शिवलिंग निर्माण धार्मिक कार्यक्रम अपनी सहभागिता निभा रहें है तथा धार्मिक लाभ ले रहे है। आयोजक द्वारा स्थानीय लोगो से कार्यक्रम में शामिल हो कर धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर एसडीएम समीक्षा जैन ने ली बैठक



**पन्ना।** गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारीयों को लेकर एसडीएम समीक्षा जैन की अध्यक्षता में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक जनपद पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अखिलेश कुमार उपाध्याय, तहसीलदार श्रीमती प्रीति पंथी, नायब तहसीलदार राजेंद्र श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार शिवम गौतम वेद नारायण अवस्थी एवं दर्जनों से अधिक शासकीय एवं अशासकीय शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों की मौजूद रहें। इस दौरान बैठक में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर विस्तार से विस्तृत चर्चा की गई। एसडीम समीक्षा जैन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए एवं सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए गणतंत्र दिवस को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी गरिमामय एवं आनबानशान तथा धूमधाम के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा की चर्चा की गई बैठक में प्रशासनिक स्तर पर मुख्य ध्वजारोहण समारोह नगर के छत्रसाल स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित करने का निर्णय लिया गया बैठक में अधिकारियों एवं कर्मचारी के साथ शासकीय एवं अशासकीय की शैक्षणिक संस्थाओं के प्रमुखों की उपस्थित रही।

# भोलेनाथ मंदिर में राम कथा का आयोजन पन्द्रह जनवरी से



**पन्ना।** जिला अस्पताल के पास स्थित भगवान भोलेनाथ जी के मंदिर में सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी किया जा रहा है, उक्त कथा का शुभारंभ पन्द्रह जनवरी 2025 से आयोजित किया गया है। जो 22 जनवरी तक चलेगा। कथा का वाचन प्रयागराज से पधारे कथा वाचक प्रभा शंकर जी महराज द्वारा किया जायेगा। उक्त कथा दोपहर तीन बजे से शांयकाल तक चलेगी, आयोजक मंडल द्वारा नगर के धर्म प्रेमी जनो से प्रतिदिन कथा में शामिल होने तथा धर्म लाभ उठाने का अनुरोध किया है।

# लघु उद्योग भारती की बैठक संपन्न, जिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

## डॉ शुभेद्र सिंह राणा जिला अध्यक्ष और जीतेंद्र गुप्ता बने सचिव

**पन्ना।** लघु उद्योग भारती की बैठक 11 जनवरी 2025 को होटल मोहन राज विलास प्रांगण पन्ना में संपन्न हुई जहां जिले भर के उद्यमी शामिल हुए, औद्योगिक चर्चा उपरांत जिला इकाई पन्ना का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से डॉक्टर शुभेन्द्र सिंह राणा को जिला अध्यक्ष, आशीष तिवारी को उपाध्यक्ष, जीतेंद्र गुप्ता को सचिव, उमेश अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, राहुल जैन को संयुक्त सचिव एवं मनोज केसरवानी, कैलाश मोदी, इन्द्र चन्द्र जैन, प्रमित अग्रवाल, बृजेंद्र यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। डॉ शुभेद्र ने बताया कि लघु उद्योग भारती लघु एवं सूक्ष्म उद्योगों के बीच काम करता है और यह उद्यमियों एवं शासन के बीच एक सेतु का काम करता है। लघु उद्योग भारती



के प्रयासों से शासन ने अपनी कई नीतियों में परिवर्तन किया है ताकि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान हो सके। बताया गया है कि देवेंद्र नगर के पास बड़ागांव में नए औद्योगिक क्षेत्र का विकास किया जा रहा है जो पन्ना देवेंद्र नगर एवं जिले के अन्य क्षेत्रों के उद्यमियों के लिए बहुत ही आसान रहेगा, इसी प्रकार अनिल वासवानी अंचल अध्यक्ष महाकौशल ने बताया कि उद्यमी दूसरे उद्यमी का सहयोग करें यही विचार होना चाहिए और संगठन का भी यही उद्देश्य है किसी भी उद्यमी को किसी प्रकार के सहयोग की आवश्यकता पड़ती है तो हम सब उसके साथ खड़े हों ताकि समस्याओं का शीघ्र समाधान हो सके। मंचासीन प्रदेश कोषाध्यक्ष अरविंद काले भोपाल, अंचल अध्यक्ष अनिल बासवानी, अंचल सचिव हरि सिंह भदौरिया, जीएमएमपीडीपीसी राहुल दुबे, सचिव मनीष सिंह कटनी, विपुल जैन व्यापार संघ अध्यक्ष ने भी अपने विचार रखे। बैठक में डॉ. सनमत जैन, अरुण अग्रवाल, देवेंद्र गोस्वामी, विक्रम यादव सहित काफी संख्या में उद्यमी उपस्थित रहे।

# प्रदेश अध्यक्ष भाजपा में सांसद या विधायक में से पन्ना को लेकर क्या मिलेगी सफलता या फिर प्रदेश अध्यक्ष का पद अबकी बार कहीं अन्य जिले को लेकर चर्चा में

**पन्ना।** पन्ना जिले में इन दिनों भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर राजनैतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चायें व्याप्त है। आखिर प्रदेश अध्यक्ष का पद खजुराहो सांसद वीडी शर्मा क्या पुन: अध्यक्ष रहेगें या फिर इनकी जगह पूर्व मंत्री पन्ना से विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह का नाम जो कहीं न कहीं चर्चाओं में बना हुआ है। यहां हालात क्या तय होगें क्या विधायक या सांसद कौन बनेगा प्रदेशाध्यक्ष या फिर अन्य जिलों के किसी बड़े नेता को लेकर प्रदेश अध्यक्ष भाजपा के रूप में जिम्मेदारी तय होगी। अभी भी



यह अटकलों का दौर बना हुआ हैं वैसे भी पन्ना जिले से तीनों विधायकों में से इस बार मंत्री पद नहीं दिया गया। देखना यह है कि प्रदेशाध्यक्ष भाजपा जो खजुराहो सांसद बी.डी. शर्मा के पास है अब यह पद पन्ना में बचता है या कि नहीं क्योंकि अभी भी पन्ना का कद भाजपा में प्रदेशाध्यक्ष बी.डी. शर्मा के चलते एक बड़ी सफलता को लेकर जाना जाता हैं वहीं इस बार जो चर्चायें व्याप्त है पन्ना विधायक पूर्व मंत्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह के नाम को लेकर भी प्रदेशाध्यक्ष की दौड़ में सुमार माना जा रहा है इससे अभी भी कहीं न कहीं उत्साह बना हुआ हैं अब देखना यह है कि अब पन्ना को भाजपा सत्तारूढ़ दल में प्रदेशाध्यक्ष का पद किसे प्रदान किया जाता है पन्ना से यह पद जायेगा या फिर पन्ना में ही उचित माना जायेगा। कई तरह के सवाल अभी भी राजनैतिक लोगों को लेकर उम्मीदों व सपनों पर बना हुआ हैं।

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्रों ने जीते पदक

**पन्ना।** देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2025 से 11 जनवरी 2025 तक आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र प्रियेश जाटव ने भाला फेंक इवेंट मैं गोल्ड मेडल का खिताब अपने नाम किया एवम दीपेंद्र कुमार लाडिया ने 400मीटर बाधा दौड़ में कांस्य पदक जीता साथ ही छात्राओं द्वारा भी शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेहा साहू ने 100मीटर बाधा दौड़ कांस्य पदक एवम 400मीटर बाधा दौड़ मैं रजत पदक जीता तथा प्रिंसी राय ने तवा फेंक इवेंट में कांस्य पदक का खिताब अपने नाम किया। छात्रों के प्रदर्शन पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेंद्र पाल सिंह



परमार द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई एवं समस्त महाविद्यालय परिवार द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया राज्य स्तर पर पदक जीतकर छात्रों ने महाविद्यालय एवम पन्ना जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन किया है। विजेता छात्रों द्वारा अपना नियमित अभ्यास नजर बाग खेल परिसर स्थित एथलेटिक्स ग्राउंड में किया जाता है। क्योंकि महाविद्यालय के पास अपना स्वयं का बड़ा खेल मैदान हेतु भूमि नहीं है अत: ऐसे प्रदर्शन के बाद ऐसी आशा की जाती है कि जिला प्रशासन जल्द ही महाविद्यालय को भूमि उपलब्ध कराने में सकारात्मक पहन करेगा ताकि और छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो सके एवं इस प्रदर्शन से निश्चित तौर पर आने वाले समय में और भी छात्र प्रेरित होंगे ऐसी आशा की जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा विजेता छात्राओं को सम्मानित करने के संबंध में दिशा निर्देश क्रीड़ा अधिकारी श्री धर्मेन्द्र यादव को दिए गए। जल्दी इस सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान समारोह महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा।

# राष्ट्रीय महिला-पुरूष कुश्ती का जंगी मुकाबला 15 को



**पन्ना।** स्व. चन्द्रशेखर पाण्डेय की स्मृति देवेन्द्रनगर सुन्दरा के समीप ग्राम बण्डी में महिला एवं पुरूष कुश्ती का जंगी मुकाबला दिनांक 15 जनवरी 2025 को आयोजित जायेगा। जिसमें राष्ट्रीय स्तर के महिला एवं पुरूष पहलवानों के पहुंचने की स्वीकृति मिल चुकी है। इस दंगल के आयोजक उनके पुत्र रामभुवन पाण्डेय द्वारा क्षेत्रीय लोगों से अपील की गई है कि अधिक से अधिक संख्या में दंगल प्रेमी पहुंचकर दंगल का आनंद ले।

## केन-बेतवां लिंक परियोजना के बनने वाले डेम के बाद पन्ना टाईगर रिजर्व में

# बाघो के रहवास को लेकर भावी भविष्य, बाघों की संख्या कितनी रह जायेगी बना सवाल

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व एक बार तो बाघों के खत्म होने के बाद लम्बे दसक तक बाघों की पुर्नजीवित कहानी को लेकर सफलता का मुकाम तय करने में बावाद पार्क के रूप में सामने आया। वहीं अब केन-बेतवां लिंक परियोजना के माध्यम से केन नदी में ढ़ोढ़न डेम का निर्माण जो होने जा रहा है जिसमें पन्ना टाईगर रिजर्व का कोर क्षेत्र प्रभावित होना चर्चा में है। जिसके चलते बाघों की रहवास कितना बच पायेगा वहीं बाघों की संख्या भी कितनी रह जायेगी अपने आप में जो बड़ा सवाल है। पर्यटन के माध्यम से जहां पन्ना टाईगर रिजर्व आज पन्ना जिले में अब पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघों के दीदार को लेकर चर्चा में रहता है। बढ़ती हुई बाघों की संख्या से पर्यटकों को बाघ



देखने को मिल जाते है। जिससे टाईगर रिजर्व घूमने का सपना पूर्ण माना जाता है। वहीं पर्यटकों की खुशियां जब बाघों को देखते है तो बढ़ जाती है। वहीं ये खुशियां कहीं आने वाले समय में गम के हालात में गुम न हो जाये क्योंकि अगर बाघों की संख्या घटती है तो फिर बाघों को देखने को लेकर पर्यटको के लिए सपना न बन जायें आखिर पर्यटन की संभावनायें भी आगे क्या विकास को लेकर तय होगीं या फिर पर्यटन की संभावनायें विराम लेगीं। कई सवाल अपने आप में बने हुए है। वैसे भी केन नदी का क्षेत्र जो पन्ना टाईगर रिजर्व में जहां अभी स्वच्छ रूप से बहती है वह नदी डेम बनने के बाद सायद ही धारा प्रवाह में कितनी जानी जायेगी या टाईगर रिजर्व का क्षेत्र डेम बनने के बाद कितना बाघों के रहवास के लिए सुरक्षित रह पायेगा यह भी अपने आप में अभी भविष्य को लेकर प्रश्न ही यच्छ की तरह बना हुआ है। साथ ही पर्यटन को लेकर मड़ला में जो पर्यटक बाघों को देखने के लिए खजुराहो से टाईगर रिजर्व पहुंचते है आने वाले समय में क्या हालाता होगें कुछ कह पाना कठिन है। क्योंकि बाघ ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र होते है। वहीं बाघों के रहवास को लेकर कितना क्षेत्र पन्ना टाईगर रिजर्व का बाघों के लिए सुरक्षित रह पायेगा जो अपने आप में बड़ा सवाल है। आने वाले समय में टाईगर रिजर्व किस हालात में जाना जायेगा यह भी भविष्य के गर्त में ही छिपा हुआ समय माना जा रहा है। यह तो आने वाला वक्त ही तय कर पायेगा डेम बनने के बाद पन्ना टाईगर रिजर्व में बाघों की संख्या घटेगी या फिर बढ़ेगी। हालात तरह-तरह की चर्चाओं को लेकर पर्यावरण प्रेमियों की जुबानों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उप मुख्यमंत्री प्रातः अपने भ्रमण के क्रम में स्पोर्टस काम्पलेक्स पहुंचे तथा वहां प्रदान की जा रही खेल सुविधाओं की जानकारी ली। उप मुख्यमंत्री ने स्पोर्टस काम्पलेक्स में विभिन्न खेल विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों से संवाद किया।



## जनकल्याण शिविर में प्राप्त सभी आवेदन विभागीय पोर्टल में दर्ज करें : कलेक्टर



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान में लगाए जा रहे शिविरों में आमजनता से बड़ी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हो रहे हैं। इनका संबंधित विभागों द्वारा निराकरण भी किया जा रहा है। सभी अधिकारी शिविर में दर्ज सभी प्रकरण जनकल्याण पोर्टल के साथ-साथ अपने विभागीय पोर्टल में दर्ज कराएं। आयुष्मान कार्ड योजना के जनकल्याण पोर्टल में 16 हजार से अधिक आवेदन दर्ज हैं, जबकि विभागीय पोर्टल में केवल 13 हजार प्रकरण दर्ज किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तीन दिवस में शेष सभी आवेदन विभागीय पोर्टल में दर्ज कराएं। इसी तरह राजस्व विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, सामाजिक न्याय विभाग, नगरीय निकाय तथा ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागों को प्राप्त आवेदनों को भी जनकल्याण पोर्टल के साथ-साथ विभागीय पोर्टल में दर्ज कराएं।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में प्रधानमंत्री आवास योजना, नलजल योजना, मजदूरी भुगतान, थाने में एफआईआर दर्ज करने में देरी, वृद्धावस्था पेंशन, जननी सुरक्षा योजना तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना को शामिल किया गया है। इनमें लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा सौ दिन से अधिक लंबित प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण करें। ऊर्जा विभाग, खाद्य विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग, जल संसाधन विभाग, श्रम विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा राजस्व विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गंगेव समाधान एक दिन के प्रकरणों को उसी दिन निराकृत करें। सभी एसडीएम जनकल्याण अभियान, सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों तथा राजस्व महाभियान में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा करें। इस माह कोई भी विभाग डी और सी कैटेगरी में न रहे।

बैठक में कलेक्टर ने धान उपार्जन की समीक्षा करते हुए कहा कि त्योंथर क्षेत्र के खरीदी केन्द्रों में कड़ी निगरानी रखें। जिन केन्द्रों में अभी भी अधिक मात्रा में धान की आवक हो रही है उन पर भी निगरानी रखें। उपार्जित धान का तत्काल उठाव कराएं। किसानों को तीन दिन की समय सीमा में भुगतान सुनिश्चित करें। सभी अधिकारी और कर्मचारी अपनी आईडी से आईएफएमआईएस पोर्टल पर समग्र नम्बर दर्ज करके सत्यापित कर दें। सभी आहरण संवितरण अधिकारी तथा कार्यालय प्रमुख एक सप्ताह में समग्र सत्यापन सुनिश्चित करें। कार्यपालन यंत्री पीएचई पूर्ण नलजल योजनाओं को तत्काल ग्राम पंचायतों को हैण्डओवर कराएं। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी इस कार्य में सहयोग करें। निर्माण कार्यों के कारण यदि सड़क क्षतिग्रस्त हुई है तो उसका तत्काल सुधार कराएं।

कलेक्टर ने कहा कि 14 जनवरी से 28 जनवरी तक जिले भर में आनंद उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। सभी एसडीएम, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा सीएमओ शासन के निर्देशों के अनुरूप खेल, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियाँ शामिल करते हुए कार्यक्रम आयोजित कराएं।

## उप मुख्यमंत्री ने पुजारियों को वितरित किये कंबल



### गौसेवकों का किया सम्मान

### लक्ष्मणबाग गौशाला में की गौपूजा

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने लक्ष्मणबाग गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में पुजारियों एवं कर्मचारियों को ठण्ड से बचाव के लिये कंबल का वितरण किया। उप मुख्यमंत्री ने लक्ष्मणबाग गौशाला में गौसेवकों को सम्मानित किया तथा गौपूजन कर गौमाता से आशिर्वाद लिया। इस अवसर पर श्री शुक्ल ने कहा कि आज के दिन गौ एवं गौसेवकों की सेवा त्रिवेणी कुंभ स्नान के प्रथम दिवस की प्रथम मेला में पुण्य अवगाहन है जो त्रिवेणी कुंभ स्नान से कम नहीं है। उन्होंने रेडक्रास सोसायटी एवं उनकी पूरी टीम को पुनीत कार्य के लिए साधुवाद दिया। इस अवसर पर रेडक्रास सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर शास्त्री ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी का मार्गदर्शन से लक्ष्मणबाग गौशाला व विन्ध्य में विकास के नित नये कार्य संपादित हो रहे हैं। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे, समाजसेवी श्री राजेश पाण्डेय, बालदास महराज, रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी, पुजारी गोकरण प्रसाद, अध्यक्ष गौशाला समिति घनश्याम ताम्रकार, कमलेश सचदेवा, डॉ. ए.के. खान, महेन्द्र सराफ, अंकित मिश्रा, पीयूष मिश्रा, संजय शुक्ला, अतुल सोंधिया सहित लक्ष्मणबाग के पुजारी तथा गौशाला के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## परिवहन विभाग ने महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी रीवा में लगाया गया लर्निंग लाइसेंस शिविर

**रीवा।** परिवहन विभाग रीवा द्वारा सड़क सुरक्षा माह के चलते महारानी लक्ष्मी बाई कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्रों के लिए लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे लगभग 50 की संख्या में छात्र छात्राए उपस्थित रहे।शिविर में छात्रो को फेसलेस लाइसेंस स्वयं से बनाने का प्रशिक्षण भी दिया गया।जिसमे छात्रो को आधार कार्ड के माध्यम से उनका ऑनलाइन लाइसेंस बनाकर छात्राओ को दिया गया। कालेज के छात्रो ने हेलमेट की अनिवार्यता को लेकरआरटीओ रीवा को अच्छे सुझाव प्रस्तुत किए। कालेज के संस्थापक श्री त्रिपाठी ने बच्चों को यह बताया की शिक्षा और सुरक्षा जीवन में कितनी महत्वपूर्ण है। ऑन लाइन लाइसेंस बनाने में वहाँ की अध्यापिका श्री मती नेहा मिश्रा और डॉ श्रीमती अर्चना पटेल ने सभी सवालों के जवाब सही हल किए।ज्ञात हो की छात्राओं के लाइसेंस निशुल्क बनाये जा रहे है।साथ ही छात्रो को यातायात और रोड सेफ्टी के बारे में भी बताया गया ।साथ ही उन्हें अपने घर परिवार के पाँच सदस्यों को भी जागरूक करने के लिए कहा गया।आज के शिविर में परिवहन विभाग के अलावा महाविद्यालय से संस्थापक श्री पुष्पेंद्र त्रिपाठी,प्राचार्य डॉ अर्चना सिंह,श्रीमती नेहा मिश्रा,अब्दुल शहीद, श्रीमती अनीता शर्मा आदि महाविद्यालयीन स्टाफ उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक: उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व भारतीय संस्कृति, परंपरा और आस्था का प्रतीक है। यह दिन सूर्य के उत्तरायण होने और नई ऊर्जा, नई सकारात्मकता तथा उन्नति के शुभ संदेश के साथ आता है। यह त्यौहार हमारे जीवन में समृद्धि, स्वास्थ्य और सद्भावना का संचार करता है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की है।

## जनकल्याण शिविर में आमजनता के 52007 आवेदन पत्र हुए मंजूर

### जिले में आयोजित 526 शिविरों में बड़ी संख्या में हुआ आवेदनों का निराकरण



**रीवा।** जिले में 11 दिसम्बर से 26 जनवरी तक मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में आमजनता के आवेदनों पर मौके पर कार्यवाही करने के साथ पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। जिले में 15 दिसम्बर से 13 जनवरी तक आयोजित 526 शिविरों में कुल 55321 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए। इनमें से 52007 आवेदन पत्र स्वीकार किए गए हैं। शेष 1579 आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। अलग-अलग कारणों से 1716 आवेदन पत्र अमान्य किए गए हैं।

इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक ग्रामीण क्षेत्र में कुल 44770 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 41680 मंजूर किए गए हैं। विकासखण्ड त्योंथर में 16361, रायपुर कर्चुलियान में 3431, रीवा में 3052, सिरमौर में 6239, गंगेव में 3922 तथा जवा में 11765 आवेदन पत्र आमजनता से प्राप्त हुए हैं। इनमें से विकासखण्ड त्योंथर में 16170, रायपुर कर्चुलियान में 3192, रीवा में 2392, सिरमौर में 5758, गंगेव 3661 तथा जवा में 10508 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शहरी क्षेत्र में कुल 10551 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से 10337 मंजूर किए गए हैं। नगर निगम रीवा में 4699, नगर पंचायत सिरमौर में 347, गुढ़ में 1213, मनगवां में 1013, गोविंदगढ़ में 221, सेमरिया में 754, चाकघाट में 425, त्योंथर में 653, डभौरा में 693 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 533 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। इनमें से नगर निगम रीवा में 4683, नगर पंचायत सिरमौर में 317, गुढ़ में 1209, मनगवां में 1012, गोविंदगढ़ में 200, सेमरिया में 739, त्योंथर में 644, डभौरा में 610, चाकघाट में 380 तथा नगर पंचायत बैकुण्ठपुर में 533 आवेदन पत्र मंजूर किए गए हैं। शेष लंबित आवेदन पत्रों में संबंधित विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

## जिले भर में जनकल्याण अभियान के लगाये जा रहे हैं शिविर

### जनकल्याण अभियान में 14 और 15 जनवरी को लगेंगे शिविर

**रीवा।** पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए जिले भर में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के सभी विकासखण्डों में ग्राम पंचायतवार शिविर लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है साथ ही पात्र हितग्राहियों से आवेदन भरवाकर उन्हें हितलाभ का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जनकल्याण अभियान के तहत 14 और 15 जनवरी को शिविर लगाये जायेंगे। कलेक्टर ने बताया कि अनुभाग रायपुर कर्चुलियान में 14 जनवरी को ग्राम पंचायत पुरवा, देवरा फरेंदा तथा 15 जनवरी को पड़रिया, झांझर में शिविर लगेंगे। अनुभाग हुजूर में 14 जनवरी को धोपखरी 296, टीकर तथा 15 जनवरी को शुकुलगवां, चुआं में शिविर लगेंगे। अनुभाग जवा में 14 जनवरी को इटमा, कशियारी तथा 15 जनवरी घूमन, जतरी को में शिविर लगेंगे। अनुभाग मनगवां में 14 जनवरी को कैथा, पड्डुआ, रक्शामाजन तथा 15 जनवरी को डगरदुआ, बाबूपुर में शिविर लगेंगे। इसी तरह अनुभाग त्योंथर में 14 जनवरी को दुआरी, बुदामा तथा 15 जनवरी को बराखुर्द, अतरैला 11 में शिविर लगाये जायेंगे। अनुभाग सिरमौर में 14 जनवरी को थनवरिया, करमई, खारा तथा 15 जनवरी को हरदुआ, कोटा में शिविर लगाये जायेंगे।

## कलेक्टर ने चायनीज मांझे पर प्रतिबंध के दिए आदेश

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत चायनीज मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में आगामी आदेश तक लागू रहेगा। यह आदेश पुलिस अधीक्षक द्वारा दिए गए प्रतिवेदन के आधार पर लगाया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार चायनीज मांझा से पतंग उड़ाए जाने के दौरान कई आकस्मिक दुर्घटनाएं हुई हैं। इन दुर्घटनाओं में जनहानि की भी आशंका बनी रहती है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 27 जनवरी 2023 को जारी निर्देशों में भी चायनीज माझे पर प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं। लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए चायनीज मांझे पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## आज रहेगा स्थानीय अवकाश

**रीवा।** रीवा जिले में वर्ष 2025 के लिये घोषित अवकाश के तहत 14 जनवरी मकर संक्रांति को स्थानीय अवकाश रहेगा। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश जिले के संपूर्ण सीमा क्षेत्र के शासकीय कार्यालयों तथा संस्थानों में प्रभावशील रहेगा। यह अवकाश जिले के कोषालय, उप कोषालय तथा बैंकों पर लागू नहीं होगा।

## समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर तत्काल कार्यवाही करें : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि आगामी 27 जनवरी को समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस माह के एजेण्डा बिन्दुओं आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन, मनरेगा में मजदूरी भुगतान, नलजल योजनाओं के संचालन, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही सभी विभागों में सौ दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की भी समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं पर लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्यवाही करते हुए सभी प्रकरणों का सात दिवस में निराकरण कराएं।

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर नववर्ष में स्नेह मिलन एवं राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवा संगोष्ठी संपन्न



**रीवा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय शांति धाम झिरिया रीवा में राष्ट्रीय युवा दिवस पर एक युवा संघ गोष्ठी और नव वर्ष में स्नेह मिलन का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में रीवा संभाग स्थित अनेक गणमान्य बुद्धिजीवियों ने अपनी सहभागिता की। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्वान वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलकर भारत को सुखी स्वस्थ और समृद्ध बनाया जा सकता है। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र के अनेक जनों ने कवियों ने अपनी ओजस्वी कविताओं को पढ़कर के देशभक्ति के प्रति युवाओं को संस्कारी बनाने हेतु नशा मुक्त बनाने हेतु अपनी कविताओं का पाठ किया इसके साथ ही समाज में गरीबी उन्मूलन हेतु , स्लम बस्ती में रहने वाले छोटे बच्चों को कैसे संस्कारी बना सकते हैं, समाज की मुख्य धारा से कैसे जोड़ सकते हैं,नशा मुक्ति हेतु और संस्कारवान समाज के निर्माण हेतु सहित विभिन्न मुद्दों पर इस राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्वानों ने विचार विमर्श किया। इस कार्यक्रम में राज योग के द्वारा सर्व समस्याओं का समाधान कैसे किया जा सकता है इस विषय पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला दीदी जी सहित अनेक वक्ताओं ने अपनी सहमति जाहिर की । मुख्य अतिथि और वक्ताओं में श्रीमती निशा पांडे ,हाजी एके खान ,सुबोध पांडे , सत्येंद्र सिंह सेंगर और गोपाल जी त्रिपाठी ने अपने मनोभावों के द्वारा एक सुसंस्कारी समाज बनाने हेतु युवाओं में कैसे संस्कार डाला जाए इस विषय पर अपने-अपने विचार व्यक्त किया। ,प्राचार्य जेपी जायसवाल डॉक्टर गिरीश मिश्रा, शाहिद परवेज ,दीपक तिवारी , ने राजयोग द्वारा कैसे समाज को स्वस्थ सुखी और चरित्रवान बन सकते हैं इस विषय पर अपना अनुभव व्यक्त किया।

## आनंद उत्सव के तहत आज 11 स्थानों में होंगे कार्यक्रम

**रीवा।** शासन के निर्देश के अनुसार 14 जनवरी से 28 जनवरी तक आनंद उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिले में 14 जनवरी को 11 स्थानों में आनंद उत्सव के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में बताया गया है कि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रायपुर कर्चुलियान, रूपौली ग्राम पंचायत भुनगांव, ग्राम पंचायत बौसड़, माध्यमिक शाला घटेहा, माध्यमिक शाला सूती, माध्यमिक शाला रामनई, माध्यमिक शाला बरहदी, माध्यमिक शाला बरेही तथा नगर परिसर गुढ़ के वार्ड क्रमांक 14 में आनंद उत्सव के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में खेलकूद प्रतियोगिता सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पतंग प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।

## अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा ने मकर संक्रांति का स्वागत किया

### विभिन्न प्रान्तों की वेशभूषा आकर्षक रही, लाई,तिल के लड्डू खिलाकर महिलाओं ने शुभकामनाएं दीं



**राहुल तिवारी,** रीवा। अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व के शुभारंभ पर बीहर नदी तट पर स्थित ईको पार्क में महिलाओं ने उत्सव मनाया।इस अवसर पर महिलाओं ने मकर संक्रांति के पर्व में विभिन्न प्रान्तों के परिधानों से सजधजकर कार्यक्रम में भाग लिया।अग्रवाल समाज की महिलाओं ने बीहू, पोंगल, लोहड़ी आदि होने वाले उत्सव के शुभारंभ के गीत गाकर नृत्य का भरपूर आनंद लिया।इसके साथ ही सभी ने लाई,तिल के लड्डू खिलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। उपरांत मनोरंजनात्मक गेम हाऊजी और पतंग सजाओ का आनंद लिया गया।इस अवसर पर अखिल भारतीय अग्रवाल महिला महासभा की मध्यप्रदेश की प्रांत अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल ने जारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन सूर्यदेव अपने पुत्र शनि के घर जाते हैं।चूंकि शनि मकर और कुंभ राशि का स्वामी है।लिहाजा यह पर्व पिता-पुत्र के अनोखे मिलन से भी जुड़ा है। एक अन्य कथा के अनुसार असुरों पर भगवान विष्णु की विजय के तौर पर भी मकर संक्रांति मनाई जाती है।किवदंती है कि मकर संक्रांति के दिन ही भगवान विष्णु ने पृथ्वी लोक पर असुरों का संहार कर उनके सिरों को काटकर मंदरा पर्वत पर गाड़ दिया था।तभी से भगवान विष्णु की इस जीत को मकर संक्रांति पर्व के तौर पर मनाया जाने लगा।भारत के अलग-अलग राज्यों में मकर संक्रांति को मनाने की अपनी परंपरा और रीति-रिवाज है।इस त्योहार को पंजाब में लोहड़ी,तमिलनाडु में पोंगल,गुजरात में उत्तरायण और उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर खिचड़ी पर्व जैसे नामों से जाना जाता है।इस महापर्व के भले ही कई नाम हों,लेकिन इसको मनाने के पीछे का उद्देश्य एक-दूसरे में खुशियां बांटना ही है।श्रीमती मीना बंसल में मकर संक्रांति पर सभी शहरवासियों के जीवन में आनंद का प्रकाश संचारित हो ऐसी मनोकामना पूरी हो ईश्वर से प्रार्थना की।इस शुभ अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती मीना बंसल एवं जिलाध्यक्ष गीता अग्रवाल,लता संथालिया,उमा बंसल, सुनीता चमड़िया, राखी अग्रवाल, चंचल चमड़िया, स्वाति अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, खुशबू संथालिया, उषा अग्रवाल, नीतू अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, शैलजा अग्रवाल, अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, प्रियंका बंसल, आदि महिलाओं ने मकर संक्रांति के शुभारंभ पर खुशियाँ बांटी।उक्ताशय की जानकारी अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा रीवा जिलाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने दी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833